खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 11°C

बरेली, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 354 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश पेज 2




शुभमन गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी खेल टाइम्स




जोहरान ममदानी से डा. उमर तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे सम्पादकीय



न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द! पेज 12

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना, बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई**

**भारत व बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक भारत पूर्व पीएम को हमारे हवाले करे: मो.यूनुस**

**पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई**



**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी।

बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं। कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की मांग की है। 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे। हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था।

# दो पैन कार्ड मामले में आजम खां व बेटे अब्दुल्ला को सात साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को रामपुर की जेल में भेजा**



**रामपुर।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को एक और बड़ा झटका लग गया है, जिन्हें रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 साल की कैद का फैसला सुनाया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

सपा के पूर्व विधायक और मोहम्मद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने सोमवार की दोपहर बाद अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला दोनों को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही आजम खां-अब्दुल्ला को न्यायिक हिरासत में ले -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### मुंद्रा बंदरगाह पर पांच करोड़ मूल्य के पटाखे और अन्य सामान जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए 'फायर ट्रेल' ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें 'गिलास सेट और 'फूलदान' रखे थे, लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गए थे। प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी सोमवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में 14 नवम्बर को भी वे गवाही के लिए नहीं पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वे वर्चुअल गवाही या रिकॉर्डेड वीडियो से गवाही देने के लिए तैयार हैं। हालांकि ईडी ने अंबानी का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी अब तीसरा समन जारी करेगी या नहीं।

### साजिश के तहत हो रहा एसआईआर का काम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं।

# मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**मृतकों में से 18 एक ही परिवार से, उमरा के लिए जाती बस के टैंकर से टकराने पर हुआ भीषण हादसा**

**मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल, हादसे में सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा**

**भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की**

रियाद, वार्ता





**सऊदी अरब** में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवम्बर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवम्बर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया।

### हादसे में मारे गए 12 लोगों की हुई पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा यात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी



**उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा: सेना को पता है बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है**

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है, तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए।

# दिल्ली ब्लास्ट: आमिर ने उमर को सुरक्षित ठिकाने दिए




**आईडी बनाने में मदद की, जूता बम इस्तेमाल का शक**
**जांच में खतरनाक टीएटीपी विस्फोटक मिला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डा. उमर के साथी आमिर राशिद अली ने ही उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाना) उपलब्ध कराया था। साथ ही आईडी बनाने में भी मदद की थी।

सोमवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आरोपी की कस्टडी पाने के लिए ये दलील दीं। रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में उपयोग कार आमिर के ही नाम है। वहीं, इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और संसेटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में शैतान की मां कहा जाता है। कार चला रहा डा. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवम्बर को दिल्ली धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, 24 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।

### भोपाल में पारा 5.2 डिग्री, 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार रात पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 9.2 डिग्री नीचे रहा। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। इससे 84 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है। भोपाल में नवम्बर की सर्दी का ओवरऑल रिकॉर्ड 30 नवम्बर 1941 में 6.1 डिग्री का था। दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवम्बर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगर सोमवार को भी दो या ज्यादा मौसम केंद्र लगातार दूसरे दिन मानक पूरे करते हैं, तो कोल्ड वेव की घोषणा कर दी जाएगी।

# बरेली में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तकनीकी खराबी के कारण खेत में उतारा गया**

**बरेली।** बरेली के मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वायुसेना के हेलीकॉप्टर में उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई।

पायलट ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए किसान नन्हे शर्मा के खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर दी। पायलट की सूझबूझ और समझदारी के चलते हेलीकॉप्टर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित खेत में उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही वायुसेना ने मौके पर दूसरा हेलीकॉप्टर भेजा। वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर की प्राथमिक जांच की।

### वैष्णो देवी मेडिकल इंस्टीट्यूट की एमबीबीएस सीट का विरोध


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस एडमिशन को लेकर विवाद बढ़ गया है। सोमवार को कई हिंदू संगठनों ने एक साथ विरोध प्रदर्शन किया और एडमिशन वाली सीट अलॉटमेंट की पहली लिस्ट तुरंत रद्द करने की मांग की। इस साल संस्थान को 50 एमबीबीएस सीटें मिली हैं। 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में है। हिंदू संगठनों का कहना है कि सीट बंटवारे में भेदभाव किया गया है। इसमें हिंदू छात्रों की अनदेखी की गई है। इसके विरोध में युवा राजपूत सभा, राष्ट्रीय बजरंग दल और कल्कि आंदोलन जैसे हिंदू संगठन जम्मू में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# केरल में SIR पर तत्काल रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तर्क: यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती**

**यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है**



**नई दिल्ली।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती। याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है। यह याचिका आईयूएमएल महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी के माध्यम से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता हारिस बीरन द्वारा अधिवक्ता आर एस. जेना के माध्यम से दायर की गई इस याचिका का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग ने पहले ही नौ और 11 दिसम्बर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा कर दी थी, जबकि एसआईआर के तहत मसौदा रोल चार दिसम्बर को प्रकाशन के लिए निर्धारित था। याचिका के मुताबिक सक्रिय चुनावी गतिविधियों के दौरान एसआईआर का संचालन करना कथित रूप से स्थापित चुनावी प्रथा का उल्लंघन करता है। दलील में कहा गया है कि अधिनियम व्यक्तिगत निर्धारण के बिना वैध मतदाता सूची में प्रविष्टियों को बड़े पैमाने पर हटाने या बेअसर करने को अधिकृत नहीं करता है। आईयूएमएल के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हट सकते हैं। आवेदन में कहा गया है कि कई बीएलओ सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक काम करते हैं जिसमें सप्ताहांत भी शामिल हैं और उन्होंने शिकायत की है कि 30 दिन की समयसीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करना मानवीय रूप से असंभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त की तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप के मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार फर्मों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 28 लोगों पर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। अब प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी चल रही है। औषधि निरीक्षक जुबान अली की तहरीर पर 28 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लूडो बेटिंग के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ की साइबर क्राइम पर नजर रखने वाली पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और लूडो बेटिंग के नाम पर लोगों को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई बैंकों की पासबुक, चेक बुक समेत कई उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रतिबिम्ब पोर्टल पर ऑनलाइन गेमिग और बेटिग के नाम पर ठगी की शिकायतें प्राप्त होने ही अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्रधिकारी सदर/सहायक नोडल साइबर श्रीमती आस्था जायसवाल के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू कर दी।

### पिछले 11 वर्षों में हुए देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा जारी रहेगी

# लकीर के फकीर नहीं बन सकते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री बोले पीएम मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्र आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्व. विद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं।

आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगों के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्षों में देखा है, मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया।

योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था, तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि ष्जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाए गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमें भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए, जिसमें सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल कराई इलाज की व्यवस्था

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया। लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

# बिहार में राजग की बंपर जीत उप्र में मचाएगी हलचल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सबसे पहले प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में सुनाई देगी बिहार के नतीजों की गूंज

**लखनऊ।** बिहार विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का राजनीतिक असर अब उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जाने लगा है। दोनों राज्यों की जातिगत संरचना में समानताओं के चलते यह जीत प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकती है।

भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गैर-यादव पिछड़ों (ओबीसी), अति पिछड़ों के राजग के साथ एकजुट होने से उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन के मनोबल को बढ़त मिलेगी। हालांकि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला अभी डेढ़ वर्ष दूर है, लेकिन बिहार के नतीजों की गूंज सबसे पहले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में सुनाई देगी। बिहार के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष की हार के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के जरिए सियासी साजिश की गई, लेकिन चेतावनी दी कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में अब यह 'चाल' सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीपीटीवी मॉडल के जरिए भाजपा की 'साजिशों पर नजर रखेगी'। इस बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के नतीजों से यूपी की जमीन पर कोई बड़ा बदलाव भले न दिखे, पर भाजपा की उम्मीदें जरूर बढ़ी हैं। खासकर तब जब 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की सीटें 64 से घटकर 36 हुई थीं। कुछ विश्लेषक यह भी कहते हैं कि बिहार के नतीजे अखिलेश यादव को कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ के मुता. बिक दोनों राज्यों में नेतृत्वकारी चेहरों बिहार के नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता राजग को मजबूत आधार देती है। नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' छवि और महिलाओं में उनकी पकड़ को योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून-व्यवस्था वाली छवि के समान माना जा रहा है। 2022 के यूपी चुनाव में भी योगी सरकार पर एंटी-इन्कम्बेंसी का असर नहीं दिखा था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह भी संकेत दिया कि बेहतर तालमेल और गठबंधन की मजबूती भाजपा, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास) और आरएलएम कैसे भारी बहुमत दिला सकती है। इसी तर्ज पर यूपी में राजग के घटक भाजपा, अपना दल (एस), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा यदि 2027 में संयुक्त रणनीति के साथ उतरते हैं, तो इसका उन्हें भारी लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें गहरी हैं। अगर अखिलेश यूपी चुनाव में कांग्रेस का साथ छोड़ते हैं, तो अल्पसंख्यक मतों में आंशिक बिखराव का खतरा पैदा होगा। हालाकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में इन्हीं गठबंधनों की वजह से यूपी में परिणाम उलटफेर वाले रहे जहां एनडीए 36 सीटों पर सिमट गया, वहीं इंडिया ब्लॉक 43 सीटों के साथ रिकॉर्ड बना गया। इसी जीत से विपक्ष को नया हौसला मिला है और वह 2027 के चुनाव को सीधी लड़ाई में तब्दील करने की रणनीति बना रहा है।

# शराब खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री ने यूपी एक्साईज सिटिजेन एप का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराए जाने हेतु दृसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुए सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' तैयार किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। एप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनाएं देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है। आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुई मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एलएबी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यूपीएमएल शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक) टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है।

# सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.17 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 84,950.95 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 103.40 अंक यानी 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दूसरा उच्चतम स्तर है।

गत 29 अक्टूबर को सेंसेक्स 84,997.13 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,053.90 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। मजबूत निवेश धारणा के कारण शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.84 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बैंकिंग के साथ ऑटो, वित्त, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, आईटी और फार्मा समूहों के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में कुल 3,253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,651 के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि 1,523 के शेयर लाल निशान में रहे। वहीं 79 अन्य कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शयरों में तेजी और अन्य 10 में गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 1.94 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में 1.34 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.26, महिद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में भी उछाल देखा गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर सबसे अधिक 4.83 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों पर भी दबाव रहा। वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 और जापान का निक्केई 0.10 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत नीचे थे।

### कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवम्बर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है, उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसम्बर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए।

# एयर इंडिया चीन के लिए एक फरवरी से शुरू करेगी उड़ान



**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल फरवरी से चीन के शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से विमान दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और स्थानीय समय के अनुसार रात 8:20 बजे शंघाई पहुंचेगी।

वापसी की उड़ान शंघाई से रात 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) उड़ान भरकर अगले दिन तड़के 3:15 बजे दिल्ली उतरेगी। इसके अलावा मुंबई और शंघाई के बीच भी अगले साल उड़ान शुरू करने की उसकी योजना है। हालांकि इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरियों का इतंजार है। मार्च 2020 के बाद इस साल अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई हैं। उस समय कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने चीन से आने वाली और चीन को जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। एयर इंडिया के नेटवर्क में शामिल होने वाला शंघाई 48वां अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। इस मार्ग पर एयरलाइंस बोइंग 787.8 विमान का संचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी के 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी श्रेणी में 238 सीटें होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विलसन ने कहा कि दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें दो महान राष्ट्रों, पुरातन सभ्यताओं और आधुनिक अर्थव्यवस्था के केंद्रों के बीच सेतु का काम करेंगी।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रलय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (एनजीआरए) 2025 के विजेताओं की घोषणा यहां सोमवार को की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दो पैन कार्ड....**

लिया गया। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और आज़म खां को सजा सुनाए जाने के बाद उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताते चलें कि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ़ फर्जी पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा बस इतना ही कह सकता हूं कि आज़म खां को मिटाने के लिए पूरी ताक़त का इस्तेमाल किया जा रहा है और याद रहे ज़ुल्म फ़िर ज़ुल्म है बढ़ता है, तो मिट जाता है। फिलहाल दोनों को रामपुर की जेल में भेज दिया गया है।

**मदीना जा ....**

मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

# पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश

कोलकाता, वार्ता

■ यह कदम भाजपा द्वारा अपराधियों को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद उठाया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बीच अपने बाहरी दौरे को बीच में ही छोड़कर सोमवार को यहां राजभवन आए और वह पूरे राजभवन परिसर में अभूतपूर्व संयुक्त तलाश अभियान का स्वयं नेतृत्व करेंगे।

राजभवन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल ने पूरे राजभवन भवन और उसके परिसर की कई सुरक्षा तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों द्वारा गहन तलाशी लिए जाने के निर्देश दिए हैं। यह कदम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से राजभवन पर 'भारतीय जनता पार्टी अपराधियों' को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाश अभियान को सुगम बनाने के लिए आज राजभवन को पूरी तरह से खाली करा दिया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मीडिया और नागरिक समाज के सदस्यों को भी परिसर में इस अभ्यास को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल भवन की एक दुर्लभ, पूर्ण सुरक्षा जांच के रूप में वर्णित संयुक्त तलाशी अभियान, कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जबकि आपदा प्रबंधन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग भी अग्निशमन अभ्यास करके इसमें भाग लेंगे। यह नाटकीय घटनाक्रम श्री बोस और श्री बनर्जी के बीच बढ़ते टकराव के बाद सामने आया है। दरअसल शनिवार को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के श्री बोस के बचाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि राजभवन भाजपा के 'अपराधियों' को पनाह दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (श्री बोस) अपराधियों को वहां रख रहे हैं, उन्हें बंदूकें और बम दे रहे हैं और उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए कह रहे हैं। बनर्जी ने राज्यपाल पर 'दिल्ली में अपने राजनीतिक आक.ाओं के गढ़े हुए भाषणों को दोहराने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब भी राज्यपाल 'झूठे बयान' देंगे, तृणमूल कांग्रेस पूरे राज्य में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी। अपने आरोपों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जब तक यह भाजपा का सेवक राज्यपाल बना रहेगा, पश्चिम बंगाल में कुछ भी अच्छा नहीं होगा।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दो सप्ताह बाद गंगा में उतराता मिला छात्रा का शव

## परिजन लगा रहे एक युवक पर डुबाने का आरोप

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में डेरा लेकर गए रिश्तेदारों के साथ गई इंटर की छात्रा 04 नवम्बर को डूब गई थी, मंगलवार को उसका शव उतराता हुआ मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि परिजन गांव के ही एक युवक पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने युवती को जबरन गंगा में डुबाया। पुलिस ने मामले में जांच की बात कही है।

जानकारी के अनुसार गांव कोतवाली डिडौली के गांव वाजिदपुर भजन सिंह की 17 वर्षीय पुत्री सोनम स्वजनों के साथ तिगरी गंगा मेले में गई थी। वह इंटर कक्षा की छात्रा थी। 04 नवम्बर को उसके गंगा में डूबने की बात सामने आई। स्वजनों ने पुलिस को भी सूचना दी,



मगर उस समय गोताखोरों द्वारा तलाश कराए जाने के बाद भी युवती का कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार को ओसीता जगदेवपुर गांव के पास खेत में काम करने गए किसानों को गंगा में किनारे पर एक युवती का शव उतराता हुआ मिला। गंगा में युवती का शव मिलने की सूचना पर भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। युवती की शिनाख्त सोनम के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बाद में थाने पहुंचे सोनम के चाचा चमन सिंह अन्य परिजनों ने पुलिस से मिलकर गांव के ही एक युवक पर आरोप लगाया कि उसने सोनम को जबरन गंगा में डुबाया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना के दिन परिजनों ने युवती के स्वंय पैर फिसलकर गंगा में डूबने की बात बताते हुए तहरीर दी थी, अब परिजन 14 दिन बाद किसी व्यक्ति पर आरोप लगा रहे हैं, हालांकि इसकी जांच की जा रही है। युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



■ गजरौला। पुलिस से बात करते छात्रा के परिजन, ऊपर इनसेट में छात्रा सोनम का फाइल फोटो।

# छह वर्ग मीटर की जगह करा दिया 140 वर्ग मीटर का बैनामा

## गवाहों समेत छह आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सिर्फ छह वर्ग मीटर जमीन का मालिकाना हक होते हुए साजिश के तहत 140 वर्ग मीटर का बैनामा करा दिया। फर्जीवाड़ा करने में जमीन बेचने व खरीदने वाले पक्षों के अलावा गवाहों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला मुल्लाना निवासी जाहिद अंजुम ने 18 मार्च 2004 को मोहल्ला कोट निवासी सगे भाई प्रकाश चंद्र, मदनलाल, योगेश कुमार, दीपक कुमार व मोहल्ला बसावन गंज निवासी कृष्ण से एक अनुबंध कराया था। इसके बाद जाहिद अंजुम ने जमीन बेच पैसों का भुगतान कर दिया। जिसे लेकर किसी ने तब कोई एतराज नहीं किया लेकिन अब करीब 21 साल बाद जमीन की कीमत कई गुना ज्यादा हो गई। लिहाजा, जमीन बेचने वाले चारों भाइयों में दीपक कुमार की नीयत खराब हो गई। आरोप है कि 10 मार्च 2025 को दीपक कुमार ने पूर्व में निष्पादित पॉवर ऑफ अटॉर्नी को खत्म कराए बिना षड्यंत्र रचकर उक्त जमीन में से 140 वर्ग मीटर का फर्जी तरीके से शून्य बैनामा कर दिया जबकि इस रकबे में दीपक कुमार का कुल छह वर्ग मीटर हिस्सा ही था। बैनामा मोहल्ला काला कुआं निवासी शानदार अहमद, हिना परवीन, शबा परवीन के हक में किया गया जबकि मोहल्ले के ही रहने वाले अफजाल अहमद और मोहल्ला घेर पछैया के रहने वाले नईम अहमद को उसमें गवाह बनाया। आरोप है कि अब आरोपी पक्ष जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रभारी सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में जाहिद अंजुम की तहरीर पर दीपक कुमार, शानदार अहमद, हिना परवीन, शबा परवीन, नईम अहमद और खुशहाल अहमद के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



# कोर्ट परिसर में मिलें बुनियादी सुविधाएं

## बॉर एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा ने न्यायालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं की मांग की। इस संबंध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सलीम खान और अन्य पदाधिकारी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। डीएम की गैर मौजूदगी में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कहा कि यायालय परिसर नगर पालिका परिषद अमरोहा के क्षेत्र में स्थित है। लॉयर्स कैंपस में सड़कें और नालियां नहीं हैं। बरसात में पानी जमा हो जाता है। जलभराव से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। इससे वकील और वादकारी बीमार पड़ जाते हैं। चौंबर्स तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। अध्यक्ष सलीम अहमद ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर अधिवक्ताओं की शिकायतों के लिए एक कमेटी बनाई गई है। अगस्त में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जिला प्रशासन के प्रतिनिधि के रुप में मौजूद थीं। इन समस्याओं को बैठक में प्रमुखता से उठाया गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। बार एसोसिएशन ने नगर पालिका परिषद को निर्देश जारी कर सड़क और नालियों के निर्माण की मांग की है। इस दौरान सतीश कुमार त्यागी, इरशाद बेग अय्यूबी, प्रमोद कुमार शर्मा, जगदीश सिंह राणा, प्रदीप कुमार गिल, अतुल कुमार सक्सैना, समरपाल सिंह पाल, नवनीत कुमार गोला, फ हीम अहमद, मोहम्मद इमरान सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# युवक के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एक युवक को गांव निवासी ही दूसरे युवक ने लाठी डंडे से मारपीट करके घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मझौला निवासी अवनीश का आरोप है कि 16 नवम्बर की रात को आठ बजे गांव निवासी देवा ने उसके साथ गाली गलौच की। जब उसने विरोध किया तो देवा ने लाठी डंडे से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने अवनीश की तहरीर पर आरोपी देवा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस भर्ती में नापतोल के नाम पर 39 हजार ठगे

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नापतौल व नर्मलाइजेशन के नाम पर 39 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव दाउद सराय में टीकम सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे मनोज कुमार यूपी पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। एफआईआर के मुताबिक उनकी मुलाकात रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर के रहने वाले नीटू कुमार से हुई थी। आरोप है कि पुलिस भर्ती में नापतौल और नर्मलाइजेशन के नाम पर नीटू कुमार में 39 हजार रुपये ले लिए जबकि उसने काम नहीं होने पर पैसे वापस लौटने का वादा किया था। पीड़ित मनोज कुमार ने रुपये का ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। अप्रैल माह से मनोज कुमार आरोपी अपने रुपये मांग रहे हैं बावजूद इसके नीटू सिंह ने कोई ध्यान नहीं दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी नीटू कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकराई केंटर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर चालक को नींद की झपकी आने से केंटर अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर डिवाईडर से चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससेचालक व क्लीनर घायल हो गए। हादसे के बाद एकत्र हुए लोगों की मदद से घायलों को केंटर से बाहर निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से दोनों को हॉयर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी

### ■ हाइवे पर शहबाजपुर डोर में हुआ हादसा

के अनुसार जनपद गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी संजय राठी व जयपाल केंटर पर चालक और क्लीनर हैं। सोमवार को दोनों गाड़ी लेकर मेरठ से मुरादाबाद लोडिंग करने जा रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब इनकी केंटर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर डोर के पास पहुंची तो चालक का झपकी आ गई और केंटर अनियंत्रित होकर पुलिया के ऊपर चढ़



गई। हादसे में चालक व क्लीनर घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई और पुलिस भी पहुंच गई। केंटर से दोनों घायलों को बाहर निकलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां से दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए जाम के हालात भी बने रहे। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया।

# पुलिस पर लगाया पति की पिटाई का आरोप

## डिग्री कालेज के पास फेंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** एक महिला ने पुलिस पर पति को पीटने और फिर डिग्री कॉलेज के पास फेंककर चले जाने का आरोप लगाया। सोमवार को पत्नी ने परिजनों के साथ पति को सीएचसी में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला आजादनगर निवासी जोगिंद्र सिंह रविवार की रात अपने पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। आरोप है कि उसकी चाची ने यूपी 112 को फोन करके वहां बुला लिया। पुलिस जोगिंद्र को अपने साथ ले गई। आरोप है कि जोगिंद्र सिंह की यूपी 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पिटाई की तथा थाने ले जाने के बहाने घर से ले गए और डिग्री कालेज के निकट फेंककर चले गए। जोगिंद्र की पत्नी व अन्य परिवार वाले थाने पहुंचे तथा जोगिंद्र के बारे में जानकारी की। थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने उसके थाने में नहीं आने की बात कही तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की। बताया जा रहा है कि परिवार वालों को जोगिंद्र डिग्री कालेज के निकट पड़ा मिला। परिवार वाले उसे अपने घर ले गए। सोमवार को परिजनों ने जोगिंद्र को सीएचसी में भर्ती कराया।

# 20 नवम्बर को जोया टोल घेरेगी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने क्षेत्रीय युवाओं को सरकारी विभागों और स्थानीय कारखानों में रोजगार की मांग प्रमुखता से उठाई गयी।

मंगलवार को नगर के भानपुर रोड स्थित एक वेंकट हाल में आयोजित पंचायत में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का फूल माला से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षित युवाओं को रोजगार देने के नाम पर उत्तर प्रदेश सरकार जुमलेबाजी कर रही है। जब सरकार ने युवाओं को पढ़ने के लिए यूनिवर्सिटी और कॉलेज खोल रखे हैं तो ऐसे ही सरकार को रोजगार के



लिए भी इंतजाम करने चाहियें। इसी के साथ ही स्थानीय कारखानों में जनपद के युवाओं को नौकरी देने की मांग भी उठाई गयी। 20 नवंबर को जोय टोल पर प्रदर्शन करने की घोषणा की गयी। आकाश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष, कोशिंदर को तहसील उपाध्यक्ष, संदीप औलख को गजरौला ब्लॉक अध्यक्ष और रिंकू चौधरी को युवा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर कैलाश नाथ उपाध्याय, अंकुर चौधरी, जयंत चौधरी, हरपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की जयंती पर निकाली एकता यात्रा

## विधायक के नेतृत्व में जुटे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर धनौरा में सोमवार को देशभक्ति का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक एकता यात्रा ने नगर को मानो राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। पत्थर कुटी शिव मंदिर से यात्रा की शुरुआत मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी और विधायक राजीव तरारा ने नारियल फोड़कर की।

स्थानीय निकाय एमएलसी सतपाल सैनी ने कहा कि धनौरा में उमड़ा यह जनसैलाब सरदार पटेल की एकता की भावना का जीवंत उदाहरण है और यह यात्रा नहीं बल्कि राष्ट्र की शक्ति का संदेश है। वहीं विधायक राजीव तरारा ने अपने संबोधन में कहा कि आज धनौरा की धरती गर्वित है, क्योंकि यहां के लोगों ने राष्ट्रहित, विकास और एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाकर सरदार पटेल के सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गौस्वामी, राजीव सिसोदिया, गिरीश त्यागी, राजीव चौहान, अतुल चौधरी, कृष्ण कुमार, धर्मवीर भाटी, सूरज अग्रवाल, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल, सतवीर सिंह, कुसुमलता गोयल, कमल अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, आकाश कुमार मोदी, भगवंत सैनी मौजूद रहे।



# सभासदों ने की तालाब पर कब्जा हटवाने की मांग

## डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला चामुंडा स्थित तालाब गाटा संख्या 176 मिन0 और 523 मिन0 पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर पालिका के सभासदों ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा।

वार्ड-22 के सभासद प्रशांत त्यागी, वार्ड-11 की सभासद पूनम रानी और वार्ड-25 की सभासद नूतन रानी ने शिकायत में बताया कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज यह तालाब लंबे समय से कुछ लोगों के कब्जे में है। कब्जे व कूड़ा-कर्कट के कारण तालाब क्षेत्र में पानी की निकासी बाधित रहती है, जिससे कलाली रोड पर अक्सर गंदा पानी भर जाता है। इससे स्थानीय लोगों, खासकर स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सभासदों ने बताया कि इससे पहले 2 अगस्त और 8 सितंबर को भी समाधान दिवस में शिकायतें की गई थीं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सभासदों ने जिलाधिकारी से तालाब की पैमाइश कराने, अवैध कब्जे हटवाने और क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से जल्द कार्रवाई की उम्मीद है ताकि तालाब क्षेत्र को कब्जामुक्त किया जा सके और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# गन्ना लदे वाहनों पर लगाएं रिफ्लेक्टर

## डीएम ने चीनी मिलों को दिये निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगे कपड़े को लगाये जाने की अनिवार्यता किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।

रविवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने राणा शुगर मिल को निर्देश दिए की हसनपुर क्षेत्र और धनोरा क्षेत्र में गन्ना ट्राली से न लाया जाये।सिर्फ ट्रैकों का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना लदे वाहनों पर पीछे की साईड न्यूनतम 2◦2 मीटर लाल कपड़ा लगा हो। जिस पर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य चिपके हों। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर रिफ्लेक्टर टेप से सम्बन्धित जागरूकता कार्यशालाओं एवं कैम्पों का आयोजन सभी शुगर मिलो एवं सभी गन्ना क्रय केन्द्रों पर किया जाये। सभी गन्ना मिलों के प्रागंणों में तथा सभी गन्ना मिलें अपने-अपने गन्ना क्रय केन्द्रों पर भी रिफ्लेक्टर टेप लगे कपड़े को लगवाये जाने के सम्बन्ध में स्पष्ट बड़े होर्डिंग्स लगवाये जायें। क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा गन्ना लाने वाली छोटी ट्रैक्टर ट्रालियों पर लाल कपड़ा नहीं लगा होता और



किसानों का वाहन होने के कारण उन पर प्रवर्तन कार्यवाही भी सम्भव नहीं हो पाती है। सभी गन्ना मिलें अपने-अपने क्रय केन्द्रों पर किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा कपड़ा लगवाने की व्यवस्था करें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वाहन पर निर्धारित क्षमता से अधिक गन्ना लोड न किया जाये। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, शुगर मिलों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुखदेवी कालेज के अध्यक्ष बने पराग

## प्रबंध समिति की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति निर्विरोध निर्वाचित हो गई है। निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियो का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

रविवार को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति चुनाव में कुछ प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद पूरी कार्यकारिणी निर्वाचित हो गई। पराग अग्रवाल अध्यक्ष, बाल शंकर गौड़ उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष, विनय कुमार अग्रवाल सचिव, प्रशांत अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अभिनंदन अग्रवाल संयुक्त सचिव के पदों निर्विरोध निर्वाचित हो गये। इसके अलावा मोहित अग्रवाल, अमित गर्ग, शोभित गर्ग, अनुराग कुमार अग्रवाल, मोहित कुमार अग्रवाल, विभोर अग्रवाल सदस्य पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गये। निर्वाचित होने वाले पदाधिकारियो का समर्थकों एवं कॉलेज स्टाफ ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कई सालों से कॉलेज की कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ था। जिसके चलते अनेकों काम पेंडिंग पड़े हुए थे। नई कार्यकारिणी से जनता को बहुत उम्मीद है कि वह कॉलेज में अधूरे पड़े कार्यो को पूरा करेगी।

# इंस्पेक्टर समेत बीस दरोगाओं का तबादला

## एसपी ने तीन थानों के एसएसआई भी बदले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने रविवार रात एक इंस्पेक्टर, तीन एसएसआई समेत 20 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया। तीन थानों के एसएसआई बदल दिए जबकि छह चौकियों की भी कमान बदल दी। बड़े पैमाने पर शुरू हुए इस बदलाव के बाद से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। एसपी ने पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत दरोगाओं को भी थानों में तैनाती दी है।

इसी कड़ी में एसपी ने पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर सुरेश प्रताप सिंह को साइबर सेल का प्रभारी बनाया है। सैदनगली थाने के एसएसआई नीरज कुमार को थाना नौगावां सादात में इसी पद पर तैनाती दी है। वहीं, थाना नौगावां सादात के एसएसआई नरेंद्र कुमार को इसी पद पर थाना अमरोहा देहात भेजा गया है। पुलिस लाइन से दरोगा श्रीपाल को हसनपुर, कृपाल सिंह को रिट सेल तो वहीं दीपक कुमार को एसएसआई थाना सैदनगली बनाया है। रोहित शर्मा को अमरोहा देहात थाना भेजा है। एसपी के पीआरओ उमेश कुमार को वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी चौकी का प्रभारी बनाया है। सुनील कुमार शर्मा को शहर कोतवाली की वासुदेव चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। पुलिस लाइन से फूल कंवर को अमरोहा देहात थाना भेजा है। महिला दरोगा शालिनी शर्मा को प्रभारी पिक चौकी अमरोहा देहात बनाया है। इसके अलावा सुंदरलाल को हसनपुर, विनोद कुमार राठी और तेजेंद्र बालियान को आदमपुर थाना भेजा है। वहीं, रामनिवास को प्रभारी चौकी कस्बा गजरौला बनाया है। गजरौला कस्बा चौकी प्रभारी जोगिंद्र सिंह को गजरौला थाने में तैनाती दी है। पुलिस लाइन में तैनात हरवीर सिंह पंवार को थाना रहरा भेजा है। वहीं, रामनिवास को ढबारसी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया है। दड़ियाल चौकी प्रभारी संहसरपाल सिंह को आदमपुर थाना भेजा है जबकि मोहम्मद असलम को दड़ियाल चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक आज, एजेंडे में कई प्रस्ताव शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी की अध्यक्षता में आज मंगलवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक पालिका कार्यालय में बने सभागार में रहेगी। देखना होगा कि इस बार की बैठक कैसी रहती है, पिछली बार की बैठक तो काफी हंगामेदार रही थी और निरस्त हो गई थी।

इस बार बोर्ड बैठक के एजेंडे में मुहल्ला भानपुर में पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह द्वार, मुहल्ला अम्बेडकरनगर में डॉ. अम्बेडकर द्वार, मुहल्ला

**■ पिछली बैठक रही थी हंगामेदार और हुई थी निरस्त**

मायापुरी मण्डी समिति रोड पर भगवान श्रीराम द्वार, नवादा रोड पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वार, सादल्लेपुर रोड पर महाराणा प्रताप द्वार के साथ साथ समेत डिवाईडरों की मरम्मत, मुहल्ला लोहियानगर में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी अवन्तिका धर्मशाला के पुनर्निर्माण, मुहल्ला नाईपुरा में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी धर्मशाला का नवनिर्माण, मुहल्ला प्रेमनगर में महर्षि वाल्मीकी धर्मशाला का सौन्दर्यकरण कराने, पालिका की सम्पत्ति पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण, 02 स्थानों पर मिनी ट्यूबवेल की स्थापना, अधिशासी अधिकारी के आवास का निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र से उत्सर्जित होने वाले कचरे को यूपीएसआईडीसी के माध्यम निकाय के कूड़ा प्रसंस्करण केन्द्र पर डम्प करने हेतु केयरिंग चार्ज वसूलने, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के दोनों तरफ वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क जमा, इन्द्रा चौक से पुराने डाकखाने तक बस्ती रोड तक सीसी रोड निर्माण व साइड पटरी निर्माण समेत विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर की स्थापना के प्रस्ताव शामिल हैं। वहीं आज मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से होने वाली बोर्ड की बैठक में अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने प्रभारी निरीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर बैठक के दौरान पुलिस बल और महिला पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि सीओ को भी भेजी गई है। बता दें कि 25 सितम्बर को हुई बोर्ड की बैठक में काफी हंगामा हुआ था और बाद में बैठक को निरस्त कर दिया गया था।

# रात के अंधेरे में काटे एक दर्जन आम के पेड़

## वन माफियाओं को खाकी का खौफ नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। माफियाओ ने रात के अंधेरे में आम के हरे भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर उन्हें काट दिया। वन विभाग मुकदमा लिखवाने की तैयारी कर रहा था। शनिवार की रात संभल मार्ग पर अब्दुल्ला कॉलोनी से सटे आम के बाग में माफियाओ ने रात के अंधेरे में आम के हरे पेड़ों पर आरा चला दिया। सुबह होने पर जब लोगों की नजर आम के कटे हुए पेड़ों पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर सूचना मिलने के बाद वन दरोगा पलट राम पहुंच गये। हसनपुर क्षेत्र में इस समय वन विभाग एवं प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम के हरे पेड़ों को रात के अंधेरे में काटा जा रहा है। बेखौफ माफियाओ को अब किसी का जरा सा भी खौफ नहीं है। वह रात के अंधेरे में आम के हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर उन्हें काट डालते हैं। वन विभाग आम के हरे पेड़ काटने वालों के खिलाफ मुकदमा लिखवाने की तैयारी कर रहा था।

# गेहूं का बीज खत्म होने पर किसान परेशान

## गेहूं की बुवाई में हो रहा विलम्ब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ब्लॉक क्षेत्र में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र पर गेहूं का स्टॉक खत्म होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। बीज न मिलने के कारण कई गांवों के किसान बीते चार दिनों से केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

कैसरा, नबाबपुरा, सुजमना डींगरा, फिरोजपुर, मिलक और ताजपुर सहित आसपास के गांवों के किसान बुवाई के सीजन में सरकारी बीज उपलब्ध न होने से चिंतित हैं। किसान सुरेश कुमार ने बताया कि वह गुरुवार से बीज लेने के



लिए केंद्र पर आ रहे हैं, लेकिन स्टॉक खत्म होने के कारण बार-बार लौटना पड़ रहा है। इससे बुवाई में देरी हो रही है। एडीओ एग्रीकल्चर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि शासन से 6.20 क्विंटल गेहूं का बीज प्राप्त हुआ था, जिसका वितरण पूरा कर दिया गया है। गुरुवार से स्टोर पर बीज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि नई मांग भेज दी गई है और स्टॉक पहुंचते ही किसानों को वितरण शुरू कर दिया जाएगा। किसानों का कहना है कि यदि जल्द बीज उपलब्ध नहीं हुआ तो बुवाई प्रभावित होगी, जिससे फसल उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

## बाल क्रीड़ा में बच्चों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। न्याय पंचायत आजमपुर की मिनी बाल क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता मंगलवार को कंपोजिट स्कूल नेकपुर के प्रांगण में उल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। इसके बाद आसमान में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिताओं का रोमांचक शुरुआत दी। प्रतियोगिता प्राथमिक एवं जूनियर दो स्तरों पर आयोजित हुई। प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में लाडनपुर के शिवम प्रथम और पपसरी खादर के रवित द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में नेकपुर की इसिका ने पहला स्थान और शाहजहांपुर की पलक ने दूसरा स्थान हासिल किया। 100 व 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में रवित व बालिका वर्ग में नवाबपुर भूड़ की राधिका अव्वल रहीं। संचालन पूर्व एआरपी पवन कुमार, व्यायाम शिक्षक सुमित कुमार, संदीप कुमार और विक्रांत यादव ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक शिक्षक व शिक्षणकर्ता उपस्थित रहे।

# फैसला न करने पर महिला व युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मुकदमे का फैसला करने का विरोध करने पर महिला व युवक को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला खेवान निवासी कविता का मोहल्ले में ही किसी बात को लेकर अमरोहा कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। बीते दिन महिला किसी काम से घर के बाहर आई थी। आरोप है कि दो पड़ोसी महिलाओं ने मुकदमे का फैसला करने के लिए कहा तो उसको लेकर दोनों पक्षों में नरमा गर्मी होने लगी। आरोप है कि मुकदमें का फैसला का दबाव डालने वाली महिलाओं के साथ कई अन्य युवकों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। बीच बचाव करने आये पंकज पुत्र महेंद्र को भी बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। मारपीट में कविता पत्नी काविंद्र भी घायल हो गये। घायल कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने पंकज व कविता को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया।

## बाइक चालकों को दी नियमों की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। यातायात माह के तहत सोमवार को पुलिस ने बाइक चालकों को हेलमेट भेंट किया। इसी के साथ ट्रैफिक नियमों की जानक. ारी दी। बंबूगढ़ चौराहे पर यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां एसपी अमित कुमार आनंद ने वाहन चालकों से अपील की कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने मोबाइल फ ोन के इस्तेमाल से बचने और निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने पर जोर दिया। कहा कि थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए, सभी को सतर्कता और अनुशासन के साथ यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके। इस दौरान एसपी ने वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरित किए। क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अवधभान सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना अमरोहा देहात सनोज प्रताप व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# 14 दिनों में गन्ना भुगतान दिलाए सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन असली की बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी उमेशपाल सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों को सरकार 14 दिनों के अंदर भुगतान कराने की व्यवस्था कराए, साथ ही उन्होंने छुट्टा पशुओं द्वारा खेती और जनमानस को

**■ भाकियू असली की बैठक आयोजित**

पहुंचाए जा रहे नुकसान पर चर्चा की।

नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के मैदान में आयोजित बैठक में उमेशपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार को किसानों के हित के लिए काम करना चाहिए। किसान दिन रात मेहनत करके देशवासियों का पेट भरने का काम करता है और उसके बाद भी किसान की समस्याओं को दूर करने में सरकारें कोई दिलचस्पी नहीं दिखातीं। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य का भुगतान 14 दिनों के अंदर किया जाए तो वहीं



छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाए। बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बचन सिंह, युवा जिलाध्यक्ष लोकेश सिंह उर्फ सोमवीर, नगराध्यक्ष राहुल वर्मा, भूपेन्द्र सिंह, खचेडू सिंह, जसपाल सिंह, समरपाल सिंह, गोकल सिंह, महेन्द्र सिंह, जयवीर सिंह, शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

## नेताओं के बयानों पर जताई नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। क्षेत्र के गांव कैसरा में सोमवार को हरसहाय सैनी के आवास पर ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कल्याण सिंह सैनी ने की। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने सामाजिक मुद्दों और हाल के राजनीतिक बयानों पर नाराजगी जताई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि रविवार को लखनऊ के पास वीरांगना उदासी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए बयान ने समाज में रोष पैदा किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिस समाज का भाजपा को 98 प्रतिशत वोट प्राप्त होता है, उसकी उपेक्षा सरकार को भारी पड़ सकती है। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति पर भी चर्चा की गई।

# छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का ताइक्वांडो प्रशिक्षण

## हाशमी डिग्री कॉलेज में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। मिशन शक्ति के तहत हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज आत्मरक्षा एवं सशक्तिकरण ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक रूप से सक्षम बनाना, आत्मविश्वास बढ़ाना और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए तैयार करना था।

इस प्रशिक्षण का संचालन ताइक्वांडो कोच अकबरुद्दीन मुगल द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को न केवल ताइक्वांडो की बुनियादी तकनीकों की जानकारी दी, बल्कि वास्तविक जीवन में आत्मरक्षा के महत्व को भी विस्तार से समझाया। कोच ने बताया कि आत्मरक्षा सिर्फ शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मान. सिक मजबूत इच्छाशक्ति और सजगता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने अत्यंत प्रभावशाली डेमोंसट्रेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने किक, ब्लॉक, पंच तथा विभिन्न रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन कर छात्राओं को यह बताया कि कठिन हालात में कैसे स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को छात्राओं और स्टाफ द्वारा बहुत सराहा गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलसुम ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम छात्राओं को जागरूक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कोच अकबरुद्दीन मुगल और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया तथा छात्राओं को ऐसे प्रशिक्षणों में नियमित रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जिले में 145 नए मतदान स्थल बने

## मतदेय स्थलों के संभाजन को अन्तिम रूप देने को राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। डीएम श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन को अंतिम रूप देने हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदेय स्थलों की संख्या में वृद्धि की गई है। विधानसभा धनौरा (39-धनौरा, अ0जा0) में वर्तमान 390 के मुकाबले 426 मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। विधानसभा नोगावाँ सादात में 378 से बढ़कर 417 मतदेय स्थल हो गए। विधानसभा अमरोहा में 330 से बढ़कर 368 स्थल प्रस्तावित हुए विधानसभा हसनपुर में 390 से बढ़ाकर 422 स्थल किए गए। कुल मिलाकर जनपद में वर्तमान 1488 मतदेय स्थलों की संख्या बढ़कर 1633 हो गई है, यानी 145 नए मतदान स्थल जोड़े गए हैं, जो उन स्थानों पर बनाए गए हैं जहाँ मतदाता संख्या 1200 से अधिक थी।



जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से सुझाव व आपत्तियों की स्थिति जानी, जिस पर प्रतिनिधियों ने बताया कि अधिकांश आपत्तियों का निस्तारण उप जिलाधिकारियों द्वारा कर दिया गया है और किसी प्रकार की समस्या शेष नहीं है। बैठक में अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी, भाजपा विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र खड़कवंशी, कांग्रेस के फैज आलम राईनी, सपा के ऋषिपाल सिंह यादव, बसपा के डॉ. जफर महमूद अब्बासी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 15 तोले सोना हड़पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। स्नैपचैट पर हुई मुलाकात के बाद युवक व युवती में प्रेम संबंध हो गये। प्रेमी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया तथा उसकी अश्लील वीडियो बना ली। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 15 तोले सोने के जेवर भी मंगवा लिये तथा अब शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगायी है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला का है। यहां पर रहने वाले कारोबारी की बेटी की स्नैपचेट पर पास के मुहल्ला निवासी युवक से डेढ़ साल पहले मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच बात हुई तो मोबा. इल नंबर भी दे दिए। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। युवक ने उसे शादी का झांसा देकर मिलने के लिए बुला लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियो बना ली। बाद में युवक वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इतना ही नहीं उसने युवती को धमका कर घर से लगभग 15 तोला सोने के जेवरात भी मंगवा लिए तथा उन्हें बेच दिया। जब युवती शादी का दबाव बनाती तो जल्दी ही करने की बात कह कर टाल देता था। अब उसने शादी से इन्कार कर दिया है। लिहाजा रविवार को पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआइ सलीम अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शादी के कार्ड बांटने आए किसान को बनाया बंधक

## मारपीट कर किया घायल, पुलिस ने छुड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। हसनपुर। बेटे की शादी की खुशियों में शामिल होने के लिए रिश्तेदारी में कार्ड बांटने आए किसान के साथ दबंगों ने ऐसा सलूक किया कि पूरा मामला तनावपूर्ण हो गया। किसान को घंटों तक बंधक बनाकर कमरे में बंद रखा गया, फिर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

जानकारी के अनुसार, रहरा थाना क्षेत्र के गांव देहरी खादर निवासी किसान कुंवर सेन अपने बेटे की शादी के कार्ड बांटने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू आए थे। यहां एक रिश्तेदारी में पहुंचते ही कुछ स्थानीय दबंगों ने उन्हें रोक लिया। बताया जा रहा है कि दबंगों और किसान के बीच पहले से कुछ कहा-सुनी या विवाद चल रहा था, जिसका फायदा उठाते हुए दबंगों ने किसान को जबरन पकड़ लिया और एक कमरे में बंद कर दिया। अंदर बंद करके आरोपियों ने कुंवर सेन की लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लंबे समय तक बंधक बनाए रखने के कारण किसान का परिवार भी उनकी चिंता में परेशान रहा। इसी बीच किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना डायल 102 को दे दी। पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाकर किसान को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर गांव के बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं सूचना मिलने पर किसान के परिजन भी हसनपुर पहुंच गए। घायल कुंवर सेन को पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

# पहली प्रेमिका ने रुकवाई दूल्हे की बारात

## छह साल से चल रहा प्रेम प्रसंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बारात लेकर आये दूल्हे पर युवती ने 8 साल से रिलेशनशिप बताते हुए उसे थाने बुला लिया। बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। दूल्हा व दुल्हन पक्ष के बीच समझौते के प्रयास किये जा रहे थे। रविवार की दोपहर 1:30 बजे थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ के एक गांव से अफसार अहमद की थाना सैदनगली इलाके के गांव में बारात आई थी। दुल्हन पक्ष द्वारा बारात की खाति. रदारी की तैयारी चल रही थी। इस दौरान जनपद गाजियाबाद इलाके की एक युवती सैदनगली थाने पहुंच गई। युवती ने दूल्हे पर 8 साल से ताल्लुक होने का आरोप लगाते उसे थाने बुला लिया। जिससे दुल्हन पक्ष के गांव में अफरा तफरी मच गई। युवती का कहना था कि दूल्हे का निकाह उसके साथ करवाया जाये। कुछ देर में दुल्हन पक्ष के लोग थाने पहुंच गये तथा जब उन्होंने पूरा माजरा जाना तो उनके होश उड़ गये। बारात बिना दुल्हन के वापस हो गई। जब के समाचार लिखे जाने तक दूल्हा थाने में बैठा हुआ था। बताया जा रहा है कि दूल्हा दुल्हन पक्ष में समझौते के प्रयास किये जा रहे है। आरोप लगाने वाली युवती ने जनपद गाजियाबाद में दूल्हे के खिलाफ मुकदमा लिखवा रखा है। दुल्हन के घर में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है।

## घर-घर जाकर देखा एसआईआर का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं**। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को प्रभावी बनाने के लिए उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने सोमवार को फील्ड में उतरकर कार्यों का जायजा लिया। एसडीएम नगर और कस्बों के गलीखमोहल्लों में पहुंचीं और घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण की वास्तविक स्थिति परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से जानकारी ली और कई स्थानों पर मतदाताओं से सीधे बातचीत की। उन्होंने पूछा कि उन्हें प्रपत्र मिला या नहीं और फॉर्म भरने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही। एसडीएम ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक प्रपत्र पहुं. चना चाहिए। किसी भी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। प्रशासन का कहना है कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव भी मौजूद रहे।

# चोरों ने कोचिंग सेंटर की दीवार काट कर की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव मदनजुड़ी गांव पर स्थित एनजीओ के तहत संचालित फ्री कोचिंग सेंटर से चोरों ने दीवार काटकर 2 बैटरी और इन्वर्टर किया चोरी पुलिस जांच में जुटी हम आपको बता दे कि जनपद बदायूँ के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मदनजुड़ी गांव में चंदौसी बदायूँ रोड पर मदनजुड़ी गांव पर स्थित एनजीओ के तहत संचालित फ्री कोचिंग सेंटर में बीती रात अज्ञात चोर दीवार काटकर अंदर दाखिल हो गए और कोचिंग सेंटर में रखे हुए एक इनवर्टर और दो बैटरी को चोरी करके फरार हो वहीं जब सोमवार सुबह 7 बजे करीब पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई तो पड़ोसियों ने कोचिंग सेंटर संचालक को सूचना दी वहीं घटनास्थल पर पहुंचकर कोचिंग सेंटर संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# लखनऊ में हुआ मेडिसिन विभाग का भव्य समारोह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रधानाचार्य डा0 अरूण कुमार, आचार्य, कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग को इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन (IAPSM) की प्रतिष्ठित थ्मससवॅूपच से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 15.11.2025 को Integral University] लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह फेलोशिप कम्यूनिटी मेडिसिन के क्षेत्र में डा0 अरूण कुमार के उत्कृष्ट योगदान, उच्चस्तरीय शिक्षण, अनुसंधान कार्य तथा जनस्वास्थ्य सेवाओं में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज के सभी शिक्षकों, छात्रों तथा कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डा0 अरूण कुमार को हार्दिक बधाई दी। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सतत प्रगति का भी प्रतीक है।

# झोलाछाप डाक्टर के इलाज से मासूम बच्ची की हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इलाज के दौरान मासूम बच्ची की मौत स्वजनों में मचा कोहराम चिकित्सा अधिकारियों का झोलाछाप डॉक्टरों को अभयदान प्राप्त नोटिस के नाम पर हो जाता है, खेला जिसके चलते झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी से कर रहे, खिलवाड़ अना. मिका 9 माह पुत्री नत्थू की झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज दौरान देर शाम हुई मौत पिंजरी थाना गोंडा अलीगढ़ से आकर मासूम बच्ची अपनी ननिहाल में नानी के पास रहती थी झोलाछाप डॉक्टर गांव में ही चलता है अपना क्लीनिक झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक छोड़कर हुआ फरार घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी कोतवाली पुलिस से परिजनों ने कार्रवाई करने को किया इनकार सहसवान कोतवाली क्षेत्र के शुकुल्लापुर गांव की हैं घटना।

# एसआईआर के सम्बंध में डीएम ने किया गांवों का दौरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को ब्लॉक उझानी के ग्राम गुनौरा वाजिदपुर, शेखूपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बंध में दौरा कर कार्यो की जांच की, ग्रामवासियों से वार्ता की तथा अधिकारियों को कार्यो का सफलतापूर्वक सम्पादन कराने के लिए कहा। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत प्रदेश के 60.63 लाख कृषको को 0 4961.06 करोड़ फसल की क्षतिपूर्ति का किया भुगतान

**शाह टाइम ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां कृषि की विभिन्न मौसमी व बारहमासी फसलों में लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्यों में लगी रहती है जहाँ कृषि से उसे रोजगार मिलता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास में कृषि की सफलता देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग की तरफ अग्रसर करती है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी कृषि क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत योगदान है। देश के विकास में चल रही योजनाओं की सफलता में भी कृषि का योगदान होता है। मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। आज बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए भी जमीन से उत्पन्न होने वाली विभिन्न फसलों के अधिक उत्पादन की आवश्यकता है। विभिन्न उद्योग-धन्धे, व्यवसाय भी कृषि पर आधारित होते हैं। ऐसे में किसानों की फसलों को दैवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई करना जरूरी हो गया। किसानों के हित में प्रदेश सरकार अनेकों कल्याणकारी एवं फसलोत्पादन में लाभकारी योजनायें संचालित कर उनकी आय दोगुनी करने में भरपूर सहयोग दे रही है। किसान वर्ष भर मेहनत कर खेत की जुताई. बुआई, निकाई, सिंचाई एवं खाद डालकर फसल तैयार करता है। फसलों में विशेषकर खरीफ व रबी की फसलें होती है। खेती किसानी में किसान के पूरे परिवार की मेहनत लगती है। समर्पित एवं कड़ी मेहनत करते हुए परिवार को अच्छे ढंग से पालन पोषण की आशा बनाये रखकर किसान फसल तैयार करता है। । किन्तु यदि अधिक वर्षा, आँधी, तूफान, पाला, बर्फबारी, ओले, कीट, फसल रोगो, आग आदि दैवी आपदा आ गई और फसल नष्ट हुई तो किसान की पूरी मेहनत और लागत बरबाद हो जाती है। किसानों की इन्ही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने कृषकों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फरवरी, 2016 से पूरे देश में लागू किया है। यह योजना किसानों के लिए उनकी उपज के लिए एक बीमा सेवा है। इसका मुख्य उद्देश्य फसल की विफलता पर एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करना है। जिससे किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिल सके। इस योजना में ऋणी कृषक अनिवार्य रूप से तथा अन्य कृषक स्वैच्छिक आधार पर सम्मिलित किये गये हैं। बीमित राशि को फसल के उत्पादन लागत के बराबर जनपद स्तर पर अधिसूचित किया गया है। सभी फसलों हेतु वास्तविक प्रीमियम दर लागू किये गये हैं। प्रीमियम मद में कृषक की देयता को खरीफ फसल में अधिकतम 2 प्रतिशत तथा रबी फसल में अधिकतम 1.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। नकदी व औद्यानिकी फसलों हेतु।

प्रीमियम मद में कृषक की देयता अधिकतम 5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। कृषक द्वारा वहन किये जाने वाले प्रीमियम अंश से अधिक व वास्तविक प्रीमियम दर अन्तर की समस्त धनराशि को अनुदान के रूप में केन्द्र-राज्य द्वारा बराबर वहन किया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में संचालित इस योजना को प्रत्येक जनपद में फसल की उत्पादन लागत के अनुरूप बीमित राशि निर्धारित की गई है। प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल 313.76 लाख बीमित कृषकों द्वारा 274.13 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का फसल बीमा कराया गया, जिसमें दैवी आपदा से नष्ट हुई फसल के कुल 60.63 लाख कृषकों को रू0 4961.06 करोड़ की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। वर्ष 2025-26 में खरीफ के अन्तर्गत माह अगस्त, 2025 तक कुल 19.48 लाख बीमित कृषकों द्वारा 13.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की फसलों का बीमा कराया गया है।

# बदायूं में बेरोजगारों को मिला रोजगार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** होंडा सील पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड नोएडा कंपनी के द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सलारपुर बदायूं में कंपस प्लेसमेंट किया गया। होंडा सील पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड नोएडा कंपनी के प्रतिनिधि संजय यादव जी के द्वारा कंपनी के वारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्लेसमेंट में फिटर ,टर्नर, इलेक्ट्रीशियन ,मशीनिस्ट, वेल्डर, पेंटर आदि व्यवसाय के 436 आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने भाग लिया ।जिसमें से इंटरव्यू के बाद 156 अभ्यार्थियों का चयन किया गया । इस प्लेसमेंट में अभ्यर्थियों का ट्रेनी ऑपरेटर के पद पर चयन किया गया है,चयनित अभ्यर्थियों को 19981/- रुपए प्रतिमाह सी टी सी देय होगा। जिसमें प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस चयन में पूर्व कार्यदेशक गिरधारी सिंह राठौर, सचिन कुमार सिंह,अनुदेशक , अजीत कुमार वर्मा, अनुदेशक, प्रवीण कुमार, अनुदेशक, दिनेश कुमार,अनुदेशक, आनन्द मोहन पटेल, अनुदेशक का विशेष सहयोग रहा।

# बेनहर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया यूपी विधानसभा का शैक्षणिक दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल के छात्रों के एक समूह ने यूपी विधान सभा का शैक्षिक दौरा किया। जिसने पूरे क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह न केवल छात्रों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा, बल्कि यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इस पूरे क्षेत्र के किसी भी शिक्षण संस्थान ने इससे पहले अपने छात्रों के लिए इस तरह के दौरे का आयोजन नहीं किया है। इस अभूतपूर्व पहल का आयोजन संस्थान के प्रंबधक डा परविंदर सिंह सैहमी के कुशल निर्देशन में तथा क्रियान्वयन शिक्षक सुधीर त्रिवेदी पीजीटी (राजनीति विज्ञान) के नेतृत्व में किया गया। यात्रा का शुभारम्भ एडीजे टीएन पासवान एवं एडीजे सुनील कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। लखनऊ विधानसभा पहुंचने पर सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर कुश गुप्ता ने सभी आगुन्तकों का स्वागत किया। छात्रों ने वहाँ लोकतंत्र को करीब से समझा। विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्रों को सदन के अंदर ले जाया गया जहाँ उन्हें विधायकों के बैठने की व्यवस्था, सदन की कार्यवाही का संचालन और वाद-विवाद की प्रक्रिया को समझाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी ने कहा, ''हमारा मानना है कि शिक्षा केवल कक्षाओं तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस ऐतिहासिक दौरे ने हमारे छात्रों को पॉलिटिकल साइंस की किताब के पन्नो से बाहर निकलकर हमारे लोकतंत्र की जीवंत प्रक्रिया को समझने का मौका दिया। हमें गर्व है कि हम इस क्षेत्र का पहला संस्थान बन गये हैं जिसने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है।'' इस मौके पर प्रबंध निदेशक डॉ परविंदर सिंह सैहमी और संस्थापक प्रधानाचार्या श्रीमती रंजीत सैहमी ने छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके अनुभव को जाना

# हिमालय हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद भी जांच नहीं




**पूरनपुर।** चतीपुर गांव निवासी पुष्पा (35 वर्ष) गर्भवती की मृत्यु का मामला हाल में ही हुआ जो कार्यवाही की धार में है। रजिस्ट्री कार्यालय रोड स्थित हिमालय हॉस्पिटल में प्रसूता पुष्पा की मौत के कई दिन बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई शुरू न होने से ग्रामीणों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। विभाग ने अस्पताल को एक दिन का नोटिस जरूर दिया था, लेकिन न जांच हुई, न कोई ठोस कार्रवाई दिखी। इसी सुस्ती ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है। घटना मंगलवार देर रात की है, जब ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही और उसके बाद मामले को दबाने के प्रयास का आरोप लगाया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि रातभर समझौते का दबाव बना रहा और बाद में चर्चा फैली कि परिजन ले देकर मामला निपटा चुके हैं। हालांकि, अभी तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक लिखित शिकायत स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई है। इसके बावजूद, विभाग की ओर से ठोस कदम न उठाया जाना स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर और भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यह वही अस्पताल है जिसके खिलाफ पहले भी उपचार संबंधी लापरवाही के आरोप लगे, लेकिन हर बार विभागीय कार्रवाई न होने से प्रबंधन और बेपरवाह होता गया है। परिजन इस समय शोक में हैं। और ग्रामीणों की मांग है कि जिला प्रशासन स्वयं संज्ञान लेकर जांच कराने का आदेश दे, ताकि सच सामने आए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो भविष्य ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

संबंधित अस्पताल को एक दिन का नोटिस दिया गया है। मामला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में है। जैसे ही आदेश मिलेगा, कार्रवाई की जाएगी।

**एमओआईसी पूरनपुर, मनीष राज शर्मा**

# वोटर आई डी पासपोर्ट की बूकलेट की तरह होः श्रीष गुप्ता





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** एस.आई.आर. गड़ना प्रपत्र के बाद चुनाव आयोग पासपोर्ट की तरह की एक वोटर आई डी मतदाताओं को जारी कर दे। इस से एक मतदाता का 2 जगह वोट, एक चुनाव में दो बार वोट, फर्जी वोट, वोट चोरी के आरोप आदि से छुटकारा पाया जा सकता है।

प्रत्येक मतदान के बाद इस पर मुहर लगाई जाए जैसे पासपोर्ट पर विदेश यात्रा के आरंभ में लगती है, इससे जो मतदाता मतदान के दिन मतदान नही करते ,उदासीन रहते है उनकी जानकारी भी सरकार को मिल सकती है। जो सरकार की सभी योजनाओं का लाभ तो लेते है लेकिन मतदान करने में रुचि नही लेते। लगातार मतदान में भाग न लेने से उन्हें सरकारी सुविधाओं से बंचित किया जाना चाहिए।इस से सरकार चुनने में जनता की भागेदारी बढ़ेगी।

यही आई डी नागरिकता का भी प्रमाण होगा। इसी पर प्रत्येक नागरिक की आधार एवम अन्य महत्वपूर्ण जानकारी आदि की जानकारी अंकित होंगी।

आई आई ए रामपुर चौप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता इस संबंध में एक विस्तृत सुझाव पत्र चुनाव आयोग को भेजने जा रहे है।

श्रीष गुप्ता ने सभी जिले वासियों से अनुरोध किया है कि गड़ना प्रपत्र एस.आई.आर. एक महत्वपूर्ण कार्य है ,सभी जिम्मेदार नागरिक इसमें बढ़ चढ़ कर भाग ले ,सभी स्वयं,अपने परिवार, संबंधी ,मित्रों, अपने स्टाफ, कर्मचारीगण आदि के फॉर्म भरवाने में सहयोग करें।

फॉर्म कोई परिजन भर सकता है और रिश्ता लिखकर हस्ताक्षर भी कर सकता है कुछ समय, जो नागरिक फॉर्म भरने में असुविधा महसूस कर रहे है ,उनकी सहायता करने में दें। अपने छेत्र के बी एल ओ की सहायता करें, सारी आवश्यक जानकारी एवम प्रपत्र तैयार रखें। इस कार्य को कल पर न टालें ,क्योंकि समय कम है।

इस विषय पर आई आई ए से जुड़े उद्यमिओं ने होटल रेडिएंस पार्क में चर्चा की ।

उद्यमिओं ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नए उद्यमिओं को उद्यम हेतु तैयार शेड किराए पर देने की घोषणा का स्वागत किया। मीटिंग में विपिन कुमार, एस के गुप्ता, रमेश अग्रवाल, मनोज गर्ग, मनोज गुप्ता, राम रक्षपाल यादव, अजय अग्रवाल, मनोज गुप्ता, डॉ वी वी शर्मा, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, विनय बंसल, खूब चंद गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# दुवासु, मथुरा में राष्ट्रीय पशु जन्म नियंत्रण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान (दुवासु), मथुरा में पशु जन्म नियंत्रण (श्वान कल्याण एवं जनस्वास्थ्य जागरूकता विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 से 16 नवम्बर, 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ ।पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया (ॅठप्), पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में देश के 13 राज्यों के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना और कर्नाटक के 25 पशुचिकित्सकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य श्वान जनसंख्या नियंत्रण, पशु कल्याण, तथा जनस्वास्थ्य से जुड़े वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर प्रतिभागियों को अद्यतन जानकारी प्रदान करना था ।सप्ताहभर चले इस प्रशिक्षण में 21 विशेषज्ञ व्याख्यान और 7 व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। इनमें आवारा श्वानों की जनसंख्या प्रबंधन रणनीतियाँ, व्यवहारिक परिवर्तन तकनीकें, शेल्टर प्रबंधन, संतुलित एवं वैज्ञानिक भोजन पद्धतियाँ, परजीवी नियंत्रण, त्वचा रोग प्रबंधन, टीकाकरण व डीवॉर्मिंग की महत्ता, रेबीज सहित प्रमुख जूनोटिक रोगों की पहचान, तथा श्वानों की सुरक्षित हैंडलिंग एवं नैतिक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने शल्य एवं गैर-शल्य नसबंदी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।

# गांव की जल निकासी तालाब से शिव मंदिर की ओर किये जाने से ग्रामीणों में फैला आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक नौखरीद में गांव की जल निकासी शिव मंदिर की ओर कर देने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियो से गांव की जल निकासी पूर्व की भांति तालाब में कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के मिलक नौखरीद गांव में गांव की जल निकासी तालाब की ओर जा रही थी जिसे रोककर कुछ लोगों ने गांव के शिव मंदिर की ओर मोड दिया है। जिससे धार्मिक स्थान की ओर मोड़ देने से लोगों में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है की गांव की जल निकासी को तालाब की बजाय शिव मंदिर की ओर मोड़ देने में गांव के कुछ सामाजिक तत्वों का हाथ है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और गांव की दूषित जल निकासी को पूर्व की भांति तालाब में कराए जाने की मांग जिला अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों की गई है।

# जिलाधिकारी ने पूरनपुर मण्डी का किया औचक निरीक्षण, धान तौल में तेजी लाए जाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पूरनपुर मण्डी पहुंचकर धान खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मण्डी में उपस्थित किसानों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो भी किसान धान बिक्री हेतु केन्द्रों पर आये उनकी तौल मानक के अनुरूप कराना सुनिश्चित की जाये।

किसानों से धान क्रय प्रक्रिया में विलंब न किया जाये। जिन किसानों की धान तौल नहीं हुई उसे शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ दिया जाये। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, मण्डी सचिव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

**मथुरा।** श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी,फरीदाबाद के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित 24वाँ विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न हुआ। श्रीनाथ जी धर्मार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया ने कहा कि "गोवर्धन में संचालित यह नेत्र चिकित्सा शिविर केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि उन असंख्य नेत्र रोगियों के लिए नई उम्मीद है, जो आर्थिक अभाव के कारण उचित स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुँच पाते। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा किया जा रहा यह सतत प्रयास मानवता और सामाजिक दायित्व का सच्चा प्रतीक है।" उन्होंने आगे कहा कि "हमारी सोसाइटी का उद्देश्य सदैव उन प्रयासों का समर्थन करना है जो सीधे समाज के हित में हों। बड़ी संख्या में मरीजों का शिविर में पहुँचना यह दर्शाता है कि लोगों में विश्वास और आवश्यकता दोनों अत्यधिक हैं। भविष्य में भी हम कल्याणं करोति के साथ मिलकर ऐसे शिविरों में निरंतर सहयोग करते रहेंगे।


विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan 741@gmail-com



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। युवक की मौत होने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और शव को फंदे से उतरवाने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला शेखूपुर में 48 साल के मोहम्मद जाकिर पुत्र हफीजुल्ला अपने ही मकान में फांसी के फंदे पर लटका मिला। युवक की मौत पर परिजनों ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। उसने शादी भी नहीं की थी, और वह चार भाईयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपने परिवार से अलग रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक शव करीब तीन दिन पुराना है।

# त्रिवटी नाथ शुगर मिल चालू नहीं, किसान आक्रोशित

## गेंहू बुवाई में देरी से किसान परेशान, जीएम ने तोड़ा वादा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी के बहादुरगंज स्थित नवनिर्मित त्रिवटी नाथ शुगर मिल एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड अभी तक चालू नहीं हो पाई है। गन्ना समिति ने मिल को कुंडरा ए, गरगैया ए और गरगैया बी सहित कई गांवों के सेंटर आवंटित कर दिए हैं, जबकि मिल में अभी तक ट्रायल भी शुरू नहीं हुआ है। इससे क्षेत्र के गन्ना किसानों में भारी आक्रोश है।

मिल के महाप्रबंधक ने गन्ना सेंटर आवंटित होने से पहले 7 नवंबर तक मिल चालू करने का वादा किया था, जिसे वह पूरा नहीं कर सके। कुछ दिनों पहले हुई एजीएम की बैठक में जीएम ने किसानों को 15 नवंबर तक मिल चालू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं हो पाया। मिल चालू न होने से किसान अपनी गन्ने की फसल को लेकर चिंतित हैं। उन्हें अभी तक यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि फैक्ट्री द्वारा गन्ने का इंडेंट कब जारी किया जाएगा। इस देरी के कारण किसानों को गेहूं की बुवाई में भी विलंब हो रहा है, जिससे उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। समाजसेवी डॉ. आरसी गंगवार ने बताया कि यदि चीनी मिल समय पर चालू नहीं होती है और किसानों का गन्ना नहीं उठ पाता है, तो वे अपने खेतों में गेहूं की बुवाई नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि खेत खाली रह जाते हैं, तो इसकी भरपाई कौन करेगा। डॉ. गंगवार ने बताया कि कुंडरा ए, गरगैया ए और गरगैया बी केंद्रों पर गन्ने का दैनिक इंडेंट लगभग 1100 से 1200 क्विंटल रहता है। यदि फैक्ट्री इतना गन्ना नहीं लेती है, तो शेष गन्ने का किसान क्या करेगा, जिससे उन्हें भारी नुकसान होगा।

डॉ. गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने कहा है कि जब तक निर्माणाधीन त्रिवटी नाथ शुगर मिल पूरी क्षमता के साथ चालू नहीं हो जाती, तब तक उनके क्षेत्र के गन्ना सेंटर कुंडरा ए, गरगैया ए और गरगैया बी को पीलीभीत की एलएच शुगर फैक्ट्री को आवंटित कर दिया जाए, ताकि किसानों के खेत गन्ने से खाली हो सकें और वे समय पर गेहूं की बुवाई कर सकें।

गन्ना समिति के सचिव राजीव सेठ ने बताया कि सोमवार को कुछ इंडेन्ट कटा है। 19 नवंबर को किसानों की पर्चियां जारी की जाएंगी, और बहादुरगंज चीनी मिल के द्वारा लगाए गए कांटों पर 24 नवंबर से गन्ने की तौल चालू हो जाएगी। किसानों की गन्ने की समस्या को लेकर वह भी काफी चिंतित हैं, उनका प्रयास है कि किसान का समय से गन्ना खेत से खाली हो जाए।

एक नजर

## बरेली कॉलेज परिसर में मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली कॉलेज परिसर में एक युवक का शव बेल्ट के सहारे लटका मिला। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला बताया है, हालांकि मृतक के भतीजे ने हत्या की आशंका जताई है।



घटना सोमवार सुबह की है, जब नए परीक्षा भवन के पास मिट्टी हटाने का काम कर रहे श्रमिकों ने शव को देखा। प्राचार्य प्रोफेसर ओपी राय की सूचना पर बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान बारादरी थाना क्षेत्र के फाल्तूनगंज हाता कालीबाड़ी निवासी बिहारी राजपूत के रूप में हुई।

**बेल्ट के सहारे लटका था, पुलिस को आत्महत्या की आशंका**

बारादरी थाने के इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि मृतक की पहचान कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। परिवार वालों ने अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया है।

मृतक के भतीजे अजय ने पुलिस को बताया कि उनके चाचा अविवाहित थे और शराब पीने के आदी थे। रविवार शाम को वह घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बिहारी अक्सर घर से निकल जाते थे, इसलिए उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से नहीं लिया गया। अजय ने अपने चाचा की हत्या की आशंका जताई है। मृतक के भाई पंकज ने बताया कि उनके माता-पिता नहीं हैं और परिवार में चार भाई और दो बहनें हैं। बिहारी अविवाहित थे।

## केसर मिल ने 31 दिसम्बर तक पिछला गन्ना भुगतान करने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का एक दिवसीय धरना गन्ना समिति परिसर में आयोजित किया गया। धरने में किसानों ने पिछले सत्र का 145 करोड़ का बकाया गन्ना भुगतान दिये जाने की मांग की।

शनिवार को हुए भाकियू टिकेट के धरना प्रदर्शन में किसानों ने कहा कि अब किसान मिल के बहकावे में आकर अपना गन्ना मिल को देने वाला नहीं है। इसपर मिल अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि पुराना भुगतान 31 दिसंबर तक कर दिया जायेगा। साथ ही कहा कि नए सत्र का भुगतान 5 दिन के अंतराल पर किया जाएगा। मिल के द्वारा लिखित आश्वासन



मिलने पर किसानों ने धरना स्थगित कर दिया। धरने में चौधरी अजीत सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड, दानिश बाबा प्रदेश सचिव, अनुज ठाकुर युवा प्रदेश महासचिव, चौधरी सुरेंद्र सिंह, सार्थक संधू मंडल सचिव बरेली, विजय पाल सिंह जिला संगठन मंत्री बरेली, राकेश गंगवार, विजेंद्र सिंह, वेदप्रकाश कश्यप, केंद्र पाल गंगवार, रीत राम गंगवार आदि तमाम किसान मौजूद रहे।

## बड़ोदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में 11 बजे तक लटका रहा ताला, ग्राहक हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** सोमवार को शीशगढ़ कस्बे में स्थित बड़ोदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा 11 बजे तक बन्द रहने से बैंक ग्राहकों को काफी परेशान होना पड़ा। रविवार की बैंक की छुट्टी होने के बाद सोमवार को जरूरतमंद अधिक संख्या में बैंक शाखा पहुंचे। जहां 11 बजे तक गेट में ताला लटका देखकर मायूस हुए शाखा प्रबंधक के पहुंचने पर ही बैंक की शाख खुली तो ग्राहकों ने राहत की सांस ली।

शाखा प्रबंधक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बैंक शाखा के गेट की चाबी चपरासी के पास रहती है, जो रविवार को कहीं रिस्तेदारी में चला गया था। इसीलिए बैंक शाखा



खुलने ने देर हो गई। इसके लिए ग्राहकों से खेद प्रकट भी किया। कहा कि यह उनकीचूक हुई है, बैंक गेट की चाबी उनके पास ही रहना चाहिए। अब भविष्य में शाखा खिंचवा वह स्वयं अपने पास रखेंगे।

## हवन पूजन के साथ केसर मिल का पेराई सत्र शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल के वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र हवन पूजन के साथ शुभारम्भ हो गया। इस मौके पर केसर मिल के कार्यकारी अधिकारी शरत मिश्रा ने पटल पर गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरूआत की। इसके साथ ही मिल में गन्ने से लदी पहली गाड़ी लाने वाले किसान व बैलों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।



सोमवार को केसर चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारम्भ के मौके पर केसर मिल के महाप्रबंधक शरत मिश्रा ने पटल पर गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मिल पर जो भी बकाया है, उसका भुगतान जल्द कर दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि मिल को सुचारु रूप से चलाने के लिये किसान मिल का सहयोग करें, और मिल को साफ सुथरा गन्ना ही सप्लाई करें। इस मौके पर मिल के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ठंड और शीतलहर से निराश्रितों को मिलेगी राहत

■ **अपर जिलाधिकारी ने रैन बसेरों की व्यवस्था के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संतोष कुमार सिंह ने ठंड और शीतलहर के मद्देनजर निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य अत्यधिक ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से इन व्यक्तियों को राहत दिलाना है।

उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हो। इन रैन बसेरों में गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और किचन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं। अत्यधिक ठंड पड़ने पर इन रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाए। प्रत्येक रैन बसेरे/शेल्टर होम के लिए एक वरिष्ठ नोडल



अधिकारी नामित किया जाएगा, जो उसके संचालन के लिए जिम्मेदार होगा। नगर क्षेत्र में अपर नगर आयुक्त, नगर निगम और समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट (जनपद बरेली) तथा तहसील क्षेत्रों में समस्त उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी (नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतें) नोडल अधिकारी होंगे। सभी रैन बसेरों में केयर टेकर भी तैनात किए जाएंगे। उनका नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर रैन बसेरों के गेट पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। जनपद के वरिष्ठ अधिकारी रात में रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करेंगे। केयर टेकर के पास एक निरीक्षण रजिस्टर भी रखा जाएगा, जिसमें निरीक्षण अधिकारी अपनी टिप्पणी दर्ज करेंगे।

रैन बसेरे अनिवार्य रूप से अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, श्रमिकों के कार्य स्थलों और बाजारों में संचालित किए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और विकास प्राधिकरण जैसे विभाग इसमें सहयोग करेंगे। इन रैन बसेरों में ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों को ठहराया जाएगा जिनके पास रहने की सुविधा नहीं है, खासकर वे जो चिकित्सा या रोजगार के लिए बाहर से आए हैं, ताकि उन्हें खुले में, फुटपाथ पर या सड़कों के डिवाइडर पर न सोना पड़े, बल्कि निकटस्थ रैन बसेरा में रहने की पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जाये। रैन बसेरा में समस्त सुविधाएं अच्छी व गुणवत्ता पूर्ण हों तथा इसमें साफ-सफाई, साफ सुथरे बेड शीट, कम्बल, गरम पानी तथा सुरक्षा आदि की व्यवस्था की जाये।

वर्तमान में मच्छरों के कारण डेंगू के बढ़ते प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशित किया जाता है कि रैन बसेरों का सेनिटाईजेशन एवं फागिंग प्रतिदिन अनिवार्य रूप से कराया जाये। रैन बसेरों में सोशल डिस्टेसिंग का अनिवार्य रूप से पालन किया जाये।

रैन बसेरों में सोशल डिस्टेंसिंग के अनुपालन में कठिनाई को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यकतानुसार रैन बसेरों की संख्या बढ़ायी जाये। रैन बसेरों में महिलाओं एवं पुरूषों के सोने व शौचालय आदि की पृथक-पृथक व्यवस्था की जाये। इससे सम्बन्धित सूचनायें भी प्रचारित करायी जायें, ताकि शासन द्वारा जन-सामान्य को ठण्ड से बचाव हेतु किये जा रहे व्यापक उपायों की जानकारी आम जन को हो सके। शीतलहर के दौरान इसके बचाव हेतु रैन बसेरों के आसपास एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर समय से पर्याप्त अलाव प्रतिदिन जलाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। शीतलहरी में असामाजिक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। अत: रैनबसेरों की सुरक्षा व्यवस्था भी कराना सुनिश्चित करें।

## उमराह को गए जायरीनों की हादसे में हुई दर्दनाक मौत पर जताया दुख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हैदराबाद से उमराह शरीफ को गए जायरीनों को मक्का से लेकर मदीना जा रही बस और तेल से भरे टैंकर से हुई टक्कर से लगी आग से जलकर 42 जायरीनों की दर्दनाक मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। लोगों ने सभी जायरीनों की इस दर्दनाक मौत पर दुख जताते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम मंत्री, पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, आदिल हुसैन उर्फ बफाती, शफीक अहमद खां, हाजी रफीक आलम, डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो राशिद अंसारी, हाजी मो. परवेज अंसारी, सभासद हसीब सिद्दीकी, खुर्शीद अहमद, पूर्व सभासद मो. हसन अंसारी, अंसार अहमद पिंडारी, मौलाना आविद हुसैन, जामा मस्जिद के पेशे इमाम कारी फरियाद हुसैन, कारी नईम अहमद अशरफी, हाजी डॉक्टर फारूख अंसारी, युवा अधिवक्ता शारिक खां, मो. ताहिर अंसारी, मुराद अहमद के साथ ही सपा के युवा नेता मोहीद अहमद सिद्दीकी सहित आदि ने घटना पर दुख जताते हुए सभी जायरीनों की मगफिरत के लिए दुआ की गई।

## नगर में दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया 20 और 21 नवम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** हर साल की तरह इस साल भी कस्बे में जश्ने साबिर पाक बड़ी ही धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। जश्ने साबिर के दौरान दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया का भी आयोजन किया गया है।

कस्बे की करबला रोड स्थित खानकाह ए सवारिया, इमदादिया, इम्तियाजिया के सज्जादानशीन सूफी अंसार अहमद की जेरे सरपरस्ती में आयोजित होने वाले इस दो रोजा उर्स ए इम्तियाजिया कमेटी के मुतावल्ली फरियाद अहमद, सदर अय्यूब अहमद, सेक्रेटरी जमील अहमद द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 20 नवम्बर दिन जुमरात और 21 नवम्बर दिन जुमा को उर्स ए इम्तियाजिया मनाया जाएगा। पहले दिन कुरान ख्वानी, तकरीर और दस्तार वंदी के साथ ही दीगर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, और दूसरे दिन यानि 21 नवम्बर को सुबह लंगरे आम के साथ ही कुल शरीफ की फातेहा के वाद उर्स का समापन होगा। रात में महफिले शमां का आयोजन किया गया है। उन्होंने कस्बे के साथ ही सिलसिले के लोगों से उर्स में शिरकत करने की अपील की है।

## एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र में चल रहे एसआईआर को लेकर सोमवार को राजनीतिक दलों की बैठक एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से मतदाताओं को फार्म भरने में सहयोग करने के साथ ही आने वाली हर समस्या को उन्हें बताने का आवाहन किया। बैठक में वीआरसी प्रभारी मोहित मिश्रा भी मौजूद रहे।



## शीशगढ़ बरेली मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन भी बंद हुआ

■ **सड़क पर अवैध टैम्पो का कब्जा, यात्री, व्यापारी हुए परेशान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ से बरेली तक संचालित इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन आज सोमवार से बंद हो गया। करीब आधा दर्जन इलेक्ट्रिक बसें इस मार्ग पर संचालित थी, जबकि डेढ़ दर्जन निजी बसों का संचालन चार माह पूर्व ही बंद हो चुका है। अब सड़क मार्ग पर पूरी तरह से अवैध टैम्पो का कब्जा हो गया है। आज सोमवार को पूरे दिन यात्री विशेषकर महिलाओं को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।

बताते चलें कि शीशगढ़ से लेकर बरेली तक के रस्ते में पढ़ने वाले करीब सैकड़ों गांवों के लोग व व्यापारी जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न स्थानों तक पहुंचने के लिए इन्हीं बसों पर आश्रित थे, लेकिन अब बसों के पहिए थमने से गंभीर समस्या पैदा हो गई है। आज बसें बंद होने का पहला दिन ही यात्रियों के लिए मुसीबत भरा गुजरा महिलाएं बेहद परेशान नजर आईं।



### खतरे से भरा है अवैध टैम्पो में सफर करना

फर्राटे से दौड़ते अवैध टैम्पो पर सफर करना खतरे से खाली नहीं है। बिना किसी रोक टोक के चलने वाले अवैध टैम्पो कई बार दुर्घटना का शिकार हो चुके है, जिसमें कई लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ा है, फिर भी जिम्मेदार बेखबर है। इलेक्ट्रिक बैटरी से चलने वाले टैम्पो व टुक टुक के लिए कोई रूट निर्धारित न होने से इनकी संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है किसी भी रूट पर यह फर्राटे भर सकते है।

### इलेक्ट्रिक बसों का संचालन यथावत रखने को चेयरमैन ने लिखा पत्र

शीशगढ़ से बरेली जिला मुख्यालय तक निजी बसें बंद हो जाने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय तक व कोर्ट कचहरी तक जाने वाले एवं स्कूल कालेज तक जाने वाले छात्र-छात्राओं को अब समय से गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल भरा काम है। विशेषकर महिला यात्रियों के लिए तो समस्या और भी गंभीर हो गई है। इलाज के लिए बरेली तक जाने वाले मरीजों को तो टैम्पो, टुक टुक में धक्के खाकर और भी बीमार होने का खतरा पैदा हो गया है। चेयरमैन नीलोफर ने निदेशक नगरीय परिवहन निदेशालय को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि शीशगढ़ कस्बे की आबादी 45 हजार है। इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद भी इलेक्ट्रिक बस सेवा को बंद करना ग्रामीणों के साथ अन्य होगा। चेयरमैन ने इलेक्ट्रिक बसों का संचालन यथावत रखने की मांग की है।

## रास्ते पर किए गए कब्जे पर नगर पालिका ने चलाया बुलडोजर, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किए जाने के बाद नगर पालिका प्रशासन की नींद टूटी, और सोमवार को उसने रास्ते पर किए गए अवैध कब्जा को बुलडोजर से ढहवा दिया।



नगर पालिका परिषद में तीन साल पहले शामिल हुए ग्राम बहोरनगला में रास्ते पर बस्ती के मनोज नाम के व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर अपनी दीवार खड़ी कर दी थी। रास्ते पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत बस्ती के दीपक मिश्रा द्वारा तहसील दिवस के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई थी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई इस शिकायत पर नगर पालिका परिषद प्रशासन की नींद टूटी, और उसने सोमवार को राजस्व टीम के साथ मस्ती में जाकर रास्ते पर खड़ी की गई दीवार को बुलडोजर से ढहवा दिया। नगर पालिका परिषद द्वारा की गई इस कार्यवाही से बस्ती में हड़कंप मच गया है। इसमें नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह, सुरेन्द्र, लेखपाल विजय कुमार के साथ ही कई कर्मी शामिल रहे।

## वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

■ **तकनीकी खराबी के कारण मीरगंज के खेत में सुरक्षित उतारा गया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में सोमवार दोपहर वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को किसान नन्हे शर्मा के खेत में सुरक्षित उतारा।

इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही वायुसेना ने तुरंत दूसरा हेलीकॉप्टर मौके पर भेजा। वायुसेना के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर की प्राथमिक जांच की। हेलीकॉप्टर में सवार जवानों और अधिकारियों को दूसरे हेलीकॉप्टर से एयरबेस ले जाया गया। तकनीकी खराबी वाला हेलीकॉप्टर शाम छह बजे तक खेत में ही मौजूद था, जिसकी आगे की जांच तकनीकी टीम कर रही है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप ने बताया कि भारतीय वायुसेना के एएलएच हेलीकॉप्टर ने नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान तकनीकी खराबी के कारण बरेली के पास सुरक्षित और एहतियाती लैंडिंग की।

उन्होंने पुष्टि की कि त्वरित आपातकालीन लैंडिंग के कारण हेलीकॉप्टर सुरक्षित उतर गया और जमीन पर किसी प्रकार की क्षति या चोट की सूचना नहीं है। एयरबेस से बचाव दल को रवाना कर दिया गया है। हेलीकॉप्टर के अचानक खेत में उतरने की खबर फैलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों से ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीओ मीरगंज अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर और उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस ने हेलीकॉप्टर के चारों ओर बैरिकेडिंग लगाकर



सुरक्षा घेरा बनाया और किसी भी व्यक्ति को उसके करीब जाने से रोका। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग पूरी तरह सुरक्षित रही है और तकनीकी टीम खराबी की विस्तृत जांच कर रही है। प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# दौराला के गांव बफावत में युवती से छेड़छाड़ पर दो पक्षों में मारपीट

## महिलाओं समेत आठ घायल, पुलिस ने लिया हिरासत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर नाबालिग बेटी से घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने किशोरी के पिता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने सोमवार को थाने पर दी तहरीर में बताया कि वह परिजनों के साथ खेत पर गया था। इस दौरान नाबालिग बेटी घर पर थी। आरोप है कि गांव का युवक उसके घर पहुंचा और बेटी से छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। घर पहुंचने पर किशोरी ने उन्हें मामले की जानकारी दी, जिस पर वह युवक के घर पहुंचा। पहले से ही मौजूद वहां 10 लोगों ने उसके विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और धमकी दी। किसी तरह पीड़ित जान बचाकर वहां से भाग निकला। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# व्यापारियों ने एसएसपी से की खड़ौली चौकी इंचार्ज की शिकायत



एसएसपी ऑफिस पर कार्रवाई की मांग करते व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा के नेतृत्व में कंकरखेड़ा हाईवे के ढाबा संचालक सोमवार को कप्तान ऑफिस पहुंचे। उन्होंने वहां आरोप लगाया है कि खड़ौली चौकी इंचार्ज अशोक उनसे रविवार को जबरन ढाबों को बंद कराने की चेतावनी देकर गये। उनसे बंद करने का कारण पूछा गया तो उन्होंने जेसीबी से ढाबों को गिराने की धमकी दी। इसकी जानकारी उन्होंने व्यापारी नेता शैंकी वर्मा को दी शैंकी वर्मा ने जब उनको फोन पर बात करनी चाहिए तो उन्होंने उनसे भी अभद्रता कर डाली। इसी के विरोध में मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष के साथ ढाबा संचालकों ने चौकी इंचार्ज के खिलाफ कप्तान ऑफिस आकर शिकायत की है। उनका कहना था कि चौकी इंचार्ज अपनी दबंगई दिखा रहे हैं बिना कारण में उनको परेशान कर रहे हैं और ढाबों को हाईवे से हटवाने की धमकी दे रहे हैं उन्होंने चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं अधिकारियों ने उन्हे आश्वासन दिया है।

72 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर...

# सहकारिता से जुड़ी संस्थाओं की प्रगति को लेकर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 72 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अवसर पर सोमवार को लखनऊ में यूपीसीएलडीएफ व उ.प्र. ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होकर सहकारिता से जुड़ी संस्थाओं को कैसे प्रगति उन्नति की ओर ले जाया जा सके इस पर अपना विषय व विचारों को अपने उद्बोधन के दौरान रखा।

इस अवसर उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग के रजिस्टार आईएएस योगेश कुमार, पीसीयू के प्रबंधन श्रीकान्त गोस्वामी, यूपी.सी.एल.डी.एफ. के प्रबंधन निदेशक सतीश चन्द्र मिश्रा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंध निदेशक कुलश्रेष्ठ, निदेशक हिरेंद्र मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी व सहकारिता क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के निदेशक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





# 50 मूकबधिरों को शिविर में मिलेंगी कान की मशीन

## खजूरी से नोएडा के लिए रवाना हुई बस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी से दिव्यांग समाजसेवी परवेज अली के नेतृत्व में खजूरी से शिविर के लिए 50 लोगों को लेकर बस रवाना हुई। जिसे अखिल विद्या समिति के अध्यक्ष विष्णु अवतार रुहेला ने बस को हरी झंडी दिखाकर नोएडा के लिए रवाना किया।

बताया कि दिव्यांग मित्रों को समाज मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनकी भावनाओं को समझना और उनके अनुरूप माहौल बनाना है ताकि वो भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा सकें। समाजसेवी परवेज अली ने बताया कि 50 मूख बधिर दिव्यांग लोगों को शिविर में कान की मशीन प्रदान की जाएगी। यह शिविर नोएडा ब्लड बैंक द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर गोलू पंवार, सुनील कुमार, सचिन कुमार, शाहिद अली, नौशाद अली, अरुण, सुरेश गुप्ता, वकार परवेज आदि उपस्थित रहे।

# बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफ द मंथ चुने गए प्रभारी निरीक्षक ईओ डब्ल्यू मनोज कुमार बिरला

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** उ.प्र. के आठ सेक्टरों के बीच अक्टूबर माह में सबसे सर्वोत्तम विवेचना करने पर डीजी ईओडब्ल्यू उ.प्र. ने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बिरला, मेरठ सेक्टर मेरठ को माह अक्टूबर का बेस्ट इंवेस्टीगेटिंग ऑफिसर ऑफ द मंथ के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।

इस दौरान उन्हें पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र, शिल्ड व अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ईओडब्ल्यू के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बिरला ने कई अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है खासतौर से उन्होंने करोड़ों रुपए का घोटाला करने वाले वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा और उनके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में भी पेश किया। इसी के साथ-साथ विभाग में काफी समय से लंबी चल रही विवेचनाओं का निस्तारण भी मनोज कुमार बिरला ने किया है। वहीं इस दौरान उन्होंने विदेश भाग गए अभियुक्तों को भी भारत वापस लाकर जेल भेजने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है।



जिसके चलते उन्हें बेस्ट विवेचक के सम्मान से नवाजा गया। मनोज कुमार बिरला ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बड़ा हर्ष का विषय है।

अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाकर उन्होंने अपराधियों को पकड़ा है और जब ईमानदारी के साथ निभाने वालों को सम्मानित किया जाता है तो पूरी ईमानदारी के साथ काम करने की प्रेरणा दुगनी हो जाती है। उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों का आभार जताया हैं। इस दौरान मनोज कुमार बिरला ने कहा कि वह आगे भी पूरी ईमानदारी के साथ अपने काम को निभाएंगे और अपराधियों के खिलाफ भारतीय कानून के तहत कार्यवाही को अंजाम दिलाएंगे बेस्ट ऑफ द मंथ चुने जाने के बाद मनोज कुमार बिरला को विभाग के अधिकारियों ने सराहा है वहीं उनके सहयोगियों ने भी उन्हें मुबारकबाद दी है।

# पीएल शर्मा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में प्राथमिकता से होगा पत्रकारों का इलाज

## डीएम ने सूचना अधिकारी को पत्र भिजवाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यो द्वारा प्रेस क्लब भवन को पत्रकारो को हैंडओवर किये जाने की मांग की गई जिस पर डीएम ने कहा कि प्रेस भवन की मरम्मत कराये जाने के उपरांत इस पर विचार किया जायेगा।

समिति के सदस्यो द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकारो को बेहतर चिकित्सा की मांग की गई डीएम द्वारा जिला सूचना अधिकारी को पीएल शर्मा जिला चिकित्सालय तथा लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यो द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराये जाने की मांग की गई। उन्होंने सीएमओ से समन्वय स्थापित कर हैल्थ कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। पत्रकारो के उत्पीड़न की शिकायत पर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई डीएम ने कहा कि आवश्यक जानकारी सूचना अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये जिससे कि अग्रिम कार्यवाही की जा सके। समिति के सदस्यो द्वारा रेलवे में मान्यता प्राप्त पत्रकारो को किराये में छूट की व्यवस्था को पुनः चालू कराये जाने की मांग की गई। मान्यता प्राप्त पत्रकारो को पेंशन की मांग की गई जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी को पुनः सूची तैयार कर प्रेषित करने के निर्देश दिये। समिति के सदस्यों ने आयुष्मान कार्ड से इलाज में आ रही समस्याओ को रखा जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त समस्या को लिखित में प्राप्त करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। सूचना अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर पत्रकारों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्द पूर्ण संबंध स्थापित करने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को बरकरार रखने के उद्देश्य से जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्थायी समिति का गठन किया जाता है।जिसमें मान्यता प्राप्त पत्रकारों को समिति का सदस्य बनाया जाता है।

# लापरवाही बरतने के मामले में दो बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम में निरंतर लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों के खिलाफ सरधना थाने में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों बीएलओ के खिलाफ कई दिन से शिकायत की जा रही रही थी। इसी के मद्देनजर यह कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार सरधना तहसील के संग्रह अमीन राजऋषि की शिकायत पर गांव खेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक राकेश कुमार एवं गांव मछरी की बीएलओ सहायक अध्यापिका कविता चौधरी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। जिसमें कहा गया था की दोनों के द्वारा काम के प्रति लापरवाही बरती जा रही थी। सोमवार को अधिकारियों के आदेश के बाद दोनों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ कई दिन से अधिकारी को शिकायत मिल रही थी, और डाटा मैपिंग में लापरवाही बरतने और सरकारी कार्य में घोर लापरवाही सहित कई मामले में मुकदमा कायम किया गया है।

# वेंक्टेश्वरा विवि में पांच दिवसीय वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस का आयोजन

■ खेल प्रतियोगिता में युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं: डॉ. राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय-संस्थान की ओर से वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस 2025 का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें वेंक्टेश्वरा की टीमो के साथ-2 जनपद की दो दर्जन से अधिक टीमो के लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने दो दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पांच दिनो तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में शनिवार को समापन पर विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को संस्थान की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा। वेंक्टेश्वरा विवि के मेजर ध्यानचंद ओपन खेल परिसर में खेल महाकुम्भ वार्षिक स्पोर्टस मीट एसवीयू ओयसिस-2025 का शुभारम्भ अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं एशियाड चैम्पियन अनु तोमर, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. मधु चतुर्वेदी, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने स्पोर्टस मशाल जलाकर एवं सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि खेल ही नहीं बल्कि जीवन की किसी भी स्पर्धा में हम कभी हारते नहीं है, जब हम किसी स्पर्धा में प्रतिभाग करते हैं तो, या तो हम जीतते है या फिर सीखते है कि हमारे प्रदर्शन में कहां कमी रह गयी। इसलिए युवा विभिन्न स्पर्धाओ में प्रतिभाग अवश्य करें। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि फिट इण्डिया-खेलो इण्डिया जैसी शानदार योजनाओं से आज भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज एसवीयू ओयसिस के पहले दिन कबड्डी, भालाफेंक, गोलाफेंक, 100मीटर दौड़ समेत एक दर्जन प्रतिभागियों में विजेताओ ने अगले दौर में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि एस.पी. अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेलों से न सिर्फ व्यक्तिगत शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर संयोजक डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. राजवर्धन, डॉ. ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. थॉमस, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. स्नेह लता, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आसिया, एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे।






# वी लेकर आया फैमिली आईआर प्रपोजिशन प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परिवार के साथ विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वी फैमिली यूजर्स के लिए टेलीकॉम जगत का पहला फैमिली आईआर प्रपोजिशन लेकर आया है। आईआर पैक्स को यात्रा के इस सीजन इंटरनेशनल रोमिंग को किफायती बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे ग्राहक को अधिक से अधिक फायदा मिलने वाला है। इसके अलावा वी ने आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेन्स के साथ साझेदारी में टेलीकॉम जगत का पहला आईआर प्रपोजिशन भी पेश किया है, जिसकी प्रशंसा भी की जा रही है। जो वी के सभी आईआर पैक्स पर आकर्षक कीमत यानि मात्र रु 285 में रु 40 लाख का यात्रा बीमा कवर प्रदान करता है। यह प्लान सेवाओं की व्यापक रेंज को कवर करता है। यह कवरेज एकमात्र इंटरनेशनल ट्रिप के दौरान वैद्य है, जिसमें एक शुरूआती देश और एक गंतव्य देश शामिल किया जाता है।

# सीवीपीएस में बचपन के रंग किड्स कार्निवल का आयोजन



अपने हुनर को दिखाते सिटी वोकेशनल स्कूल के बच्चें।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के रूट्स किंडर गार्टन में बचपन के रंग-किड्स कार्निवल का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चों एवं अभिभावकों के लिए मनोरंजन और उत्साह का भरपूर प्रबंध किया गया। कार्निवल का उद्घाटन विद्यालय प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह द्वारा किया गया। किड्स कार्निवल का मुख्य आकर्षण रिंग द टॉस, स्पिन द व्हील, टॉस द बॉल, मिस्ट्री बॉक्स आदि मनोरंजक खेल, मिक्की माउस एवं विभिन्न झूले रहे। नन्हे-मुन्ने अपने अभिभावकों के साथ इस उत्सव में आए और उन्होंने खेलों एवं झूलों का आनंद लिया। खेलों में जीतने पर उन्हें तोहफे भी दिए गए जिससे सभी के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही थी। सेल्फी प्वाइंट पर बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य एनपी सिंह ने आयोजन की प्रशंसा की।

# कबीर के बाद डाक्टर ईश्वर चंद गंभीर के जीवनवृत का हुआ विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्यारेलाल शर्मा स्मारक के छोटे सभागार में रविवार को कबीर के बाद पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ। इस पुस्तक कबीर के बाद में डाक्टर गंभीर का जीवन वृत का खुलासा वरिष्ठ साहित्यकार सुनील शर्मा उमंग द्वारा किया गया।

इस कृति को आराध्या प्रकाशन ने प्रकाशित किया। इस आयोजन में उपस्थित केएमसी के संस्थापक डॉ. सुनील गुप्ता, रजनी शर्मा अध्यक्ष वी-7 एंटरटेनमेंट कंपनी मुंबई, प्रभात राय (आई.ए.एस), वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र शर्मा, विवेक कुमार सुभारती विश्वविद्यालय जनरल रजिस्टार, डिप्टी एसपी गिरीश चंद्र शर्मा, डॉ. राम शर्मा प्रधानाचार्य द्वारा विमोचन किया गया और डॉ. गंभीर को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने डॉ. गंभीर की इस पुस्तक की सराहना की। बताते चले अब तक डाक्टर गंभीर द्वारा रचित सामाजिक ज्वलंत मुद्दों और जागरूकता को लेकर 35 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवि सतपाल सत्यम, मनोज कुमार मनोज, पुस्तक लेखक सुनील शर्मा उमंग, रामगोपाल भारतीय, नीलम मिश्रा, राजीव शर्मा राजा, डॉ. विजय पंडित, सुदेश यादव, कैप्टन चंद्रपाल यादव, राम कुमारी, विजय सुमन, वाजिद मेरठी, डॉ. दिलशाद सैफी, वारसी, इंडिया राजेश मैडोना, अंकुर कौशिक आदि शहर के बड़े पत्रकार एवं साहित्यकार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सुमनेश सुमन द्वारा किया गया।

# भारतीय दलित विकास संस्थान का हुआ 27वां मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय दलित विकास संस्थान के तत्वाधान में 27वां मेधावी छात्र सम्मान समारोह चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने की, और संचालन राजकीय डिग्री कॉलेज, अमरोहा के सहायक आचार्य डॉ. मनोज जाटव ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती और डॉ. अम्बेडकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया।

समारोह में 315 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मान प्रतीक, प्रशस्ति पत्र, मेडल और पाठ्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से देव कुमार 92 प्रतिशत, रामदेवी 94 प्रतिशत, चेतन सागर 91प्रतिशत, कार्तिक 89 प्रतिशत, सुन्दर 89 प्रतिशत रहे। इंटरमीडिएट में सलोनी 88 प्रतिशत और अनुष्का 88 प्रतिशत मुख्य रहे। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्यकताओ को डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में झुग्गी झोपड़ी में बच्चों को पढ़ाने वाली सोनिया शर्मा दिल्ली पर्यावरण के क्षेत्र में मोहन लाल वर्मा, सामाजिक क्षेत्र में नरेश कुमार, शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर करन सिंह जे.एन.यू., सफाई कर्मचारी वर्ग में कार्य करने वाले राज कुमार सिद्धार्थ को सम्मानित किया गया।



विधायक अमित अग्रवाल ने 20 छात्रों को दो-दो हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने डॉ. अम्बेडकर को किसी जाति या समाज का नहीं, वरन सम्पूर्ण विश्व की धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सभी के अधिकारों की वकालत की और देश की एकता व अखण्डता के लिए कार्य किया। विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि हमारा दायित्व है कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने दो गरीब छात्रों को दो-दो हजार रुपये की छात्रवृत्ति भी भेंट की। काशीराम शोधपीठ, चरण सिंह वि. वि. के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्रों को अच्छे अंकों के साथ सामाजिक मूल्यों का ध्यान रखने की सलाह दी और भारतीय मूल्यों के साथ समाज एवं देश के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। महापौर हरिकान्त अहलूवालिया ने कहा कि अम्बेडकर के विचारों को अपनाने से ही सामाजिक समरसता का सपना साकार होगा। अध्यक्षता करते हुए डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि प्रतिभा किसी धर्म या जाति की नहीं, वरन सम्पूर्ण राष्ट्र की धरोहर होती है। डी.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बी.एस. यादव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समूल नष्ट करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। मेरठ कॉलेज के डॉ. सतीश प्रकाश, आयकर आयुक्त दिल्ली अनिल कुमार, और ईश्वर चन्द सागर ने भी छात्रों को संबोधित किया और राष्ट्र हित में कार्य करने का संदेश दिया। समारोह में मदन गौतम शोभापुर, शिक्षक नेता भारतवीर, सहारनपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित महामन्त्री सुभाष च. महेन्द्र भारती, पार्षद सत्यपाल, पार्षद आनंद जाटव, राम रतन बरे, धर्मेन्द्र प्रधान, इनम, मंजू जाटव, राकेश लिसाड़ी, जतिन लिसाड़ी, जगपाल बौद्ध, चतर सिंह जाटव, राजा राम भारती, संजय एडवोकेट आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास अधिकारी-ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति ने सीडीओ को सौंपा पत्र

■ ग्राम पंचायत सचिवों से नहीं कराया जाये फार्मर रजिस्ट्री का कार्य





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्राम विकास अधिकारी-ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति मुख्य विकास अधिकारी को पत्र सौंपकर फार्मर रजिस्ट्री योजना में ग्राम पंचायत सचिवों (ग्राम्य विकास/पंचायतीराज) से नियम विरूद्ध कार्य कराये जाने का विरोध किया है।

उन्होंने मांग की है कि ग्राम पंचायत सचिवों के पास पूर्व से ही बहुत समयबद्ध वित्तीय एवं प्रशासनिक महत्वपूर्ण कार्य एवं सी.एम. डैशबोर्ड की विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जिम्मेदारी है जो निम्नवत है आई.जी.आर.एस./ तहसील दिवस से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण, फैमिली आई.डी निर्माण, जीरो पार्वटी सर्वे की सूची का सत्यापन,

मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निराश्रित महिला एवं दिव्यांग के आवास का सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में जॉब कार्ड अंकित कराना, सी.आर.एस.पोर्टल पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीकरण एवं लम्बित आवे. दनों की जांच, परिवार रजिस्टर का कार्य, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदनों का सत्यापन, कन्या सुमंगला योजना के आवेदनों का सत्यापन, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन, राशन कार्ड सत्यापन, अन्य पिछड़ा वर्ग योजना में शादी अनुदान के फार्म, 5 वां एवं 15 वां वित्त से प्राप्त धनराशि के व्यय की समीक्षा, व्यक्तिगत शौचालय का सत्यापन, मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले कार्य, स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक घर से शुल्क/ओ.एस.आर का सृजन आदि।

विभागीय महत्वपूर्ण व समयवद्व योजनाओं जोकि प्रचलन में है तथा प्रतिदिन समीक्षा होती है। अत्यधिक कार्य होने के कारण हमारे पास समय का पूर्ण अभाव है इसके बाद भी प्रदेश में उच्च रैकिंग के लिये फार्मर रजिस्ट्री गैर विभागीय के कार्य को करने हेतु दबाव बनाया जा रहा है जो मूलतः कृषि एवं राजस्व विभाग का योजना है।

एग्री स्टैक के अन्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री योजना में शासनादेश संख्या 61/2024/1337/12-5-2024/1803641/12-5/39/2023 कृषि अनुभाग-5 दिनांक 18.11.2024 के अन्तर्गत सभी विभागों का उत्तरदायित्व का निर्धारण किया गया है। उक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या 2 के उप बिन्दु (पपप) (क) में स्पष्ट उल्लेख है कि जनपद में कार्यरत राजस्व विभाग के लेखपाल एवं कृषि विभाग के तकनीकी सहायक वर्ग-सी तथा खण्ड तकनीकी प्रबन्धक (बीटीसी) एवं सहायक तकनीकी प्रबन्धक (एटीएम) को कैम्प मोड में ऑपरेटर के रूप में कार्य करने के लिये नियुक्त किया जायेगा एवं (ख) में पंचायती राज, ग्राम्य विकास, गन्ना, उद्यान विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों तथा जनपद में कार्यरत बी.सी. सखी एवं कृषि सखी को समुचित प्रशिक्षण देते हुए योजना के क्रियान्वयन हेतु मोबाईल ऐप का (फार्मर सहायक यूपी एप्प) का कार्य किये जाने हेतु कार्य योजना बनाकर नियुक्त कर दिया जाये।

फार्मर रजिस्ट्री गैर विभागीय कार्य होते हुए भी शासन की प्राथमिकता पर होने के कारण ग्राम पंचायतों में किसानों को जागरूक करने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग करते हुए दिन में मुनादी, एनाउंसमेन्ट, सोशल मिडिया आदि के माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है एवं भविष्य में भी लक्ष्य पूरा न होने तक किया जाता रहेगा।

अतः फार्मर रजिस्ट्री में प्रचार प्रसार के अतिरिक्त अन्य कार्य करने में अपने को असमर्थ महसूस कर रहें है यदि जिला प्रशासन द्वारा शासनादेश के विपरीत कार्य कराने हेतु अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जाता है तो ग्राम विकास अधिकारी-ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति रामपुर आंदोलन / संपूर्ण कार्य बहिष्कार के लिये बाध्य होगी जिसको संपूर्ण उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का होगा। समिति की ओर से अपील की गई है कि निम्न कार्य की ओर ध्यान दें।

# हाउस टैक्स और वाटर टैक्स के नोटिसों के सम्बन्ध में व्यापारियों ने की ईओ से वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व ई.ओ. नगर पालिका से मिला। इस अवसर पर शैलेंद्र शर्मा ने ई.ओ. नगर पालिका से नगर में बांटे जा रहे नोटिसों पर घोर आपत्ति जताई जिनमें व्यापारी और आम जनता को डरा धमका कर और आर.सी काटकर वसूली करने की बात कही गई है।



उन्होंने कहा कि यह बहुत आश्चर्य अनुचित एवं अन्यायपूर्ण बात है की जिस हाउस टैक्स और वाटर टैक्स का अभी तक निर्धारण नहीं हो पाया है। केवल काल्पनिक आधार पर नोटिस बनाया जा रहा है और लाखों लाख रुपए का बकाया दिखाकर व्यापारी एवं आम जनता को डराया धमकाया जा रहा है और सोने पर सुहागा यह कि उक्त लाखों लाख रुपए की काल्पनिक डिमांड बनाकर आरसी द्वारा वसूल करने की धमकी भरे नोटिस भेजना केवल पैसा वसूली करना है उत्तर प्रदेश उद्योग मंडल इस को किसी भी प्रकार स्वीकार नहीं करेगा। शैलेंद्र शर्मा द्वारा उठाए गए इन मुद्दों पर बोलते हुए ई ओ नगर पालिका ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को बुलाकर तुरंत इस प्रकार के नोटिस के बांटने पर रोक लगाने का आदेश दिया और आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार के नोटिस नहीं भेजे जाएंगे। ई.ओ.नगर पालिका ने यह भी बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एक-दो दिन के अंदर अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं नगर पालिका प्रशासन के साथ एक मीटिंग गृह कर एवं जल कर के समाधान के संबंध में की जाएगी। इस अवसर पर शैलेंद्र शर्मा ने व्यापारियों एवं आम जनता से अपील की है कि वह उक्त नोटिसों से बिल्कुल ना घबराए व्यापार मंडल उनके साथ कांधे से कंधा लगाकर उक्त लड़ाई को लड़ने तैयार है। इस दौरान शाहिद शमसी, शोएब मोहम्मद, हारिस शमसी, जगन्नाथ चावला, हरीश अरोड़ा, प्रदीप खंडेलवाल, अवतार सिंह, शकेब अहमद, इमरान, सलीम, राम गुप्ता, अनिल अरोड़ा, मुकेश आर्य, बिलाल शम्सी, वाजिद खान, उजैर शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, मोहसिन खान, मोनिस जमाल, तौसीफ खान, दानिश शम्सी, गुलशन अरोड़ा, अजय अग्रवाल, मुराद खान आदि मौजूद थे।

## तहसील टाण्डा के ग्राम सिगनी निवासी महेन्द्र सिंह को मिला आयुष्मान कार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 4 दिन पूर्व जनता दर्शन के दौरान प्रार्थना पत्र लेकर आये तहसील टाण्डा के ग्राम सिगनी निवासी महेंद्र द्वारा आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण कैंसर इलाज के लिए सहायता मांगे जाने पर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल फरियादी का अन्त्योदय राशन कार्ड बनाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिये।





उन्होंने कैंसर रोग से ग्रसित महेंद्र सिंह का मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके छोटे बच्चे हैं और परिवार में अकेला कमाने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 06 माह में अपने इलाज में काफी रूपये खर्च कर चुके हैं और आज भी इलाज चल रहा है। परन्तु उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण महेन्द्र सिंह अपना इलाज नही करवा पा रहे हैं।

प्रार्थी महेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी से आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया, जिससे उनका इलाज आसानी से हो सके। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा महेंद्र सिंह का आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया है। आयुष्मान कार्ड, भारत सरकार की एक योजना है, जिसके तहत रजिस्टर्ड लाभार्थियों को 5 लाख तक का अस्पताल में मुफ्त इलाज होता है।

# बिजली घर पर भारतीय किसान संघ रामपुर का धरना प्रदर्शन

■ प्रशासन ने मानी किसानों की मांगे धरना समाप्त





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक।** बिजली घर पर भारतीय किसान संघ रामपुर द्वारा जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस दौरान

किसान संघ ने अपनी प्रमुख मांगें रखीं जिसमें बिजली विभाग के टी.जी.-2 सरोज यादव को तत्काल निलंबित किया जाए। एसडीओ एवं जेई को विभागीय कार्रवाई के तहत एक माह के भीतर हटाया जाए। धरना स्थल पर पहुंचे एक्शन प्रतिनिधि एसडीओ शाहाबाद अलंकृत मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि टी.जी.-2 सरोज यादव के निलंबन की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जा रही है। एसडीओ और जेई को भी एक माह के भीतर पदों से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही भारतीय किसान संघ रामपुर के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि यदि सरोज यादव को तत्काल निलंबित नहीं किया गया और इनको निर्धारित समय सीमा में नहीं हटाया गया, तो भारतीय किसान संघ विशाल आंदोलन करने को बाध्य होगा।

धरना प्रदर्शन में जिले भर से आए सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और किसानों की एकजुटता का सशक्त संदेश दिया। किसान संघ ने चेतावनी दी कि उनका संघर्ष किसानों के अधिकारों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध है, और यह तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय नहीं मिलता। इस दौरान प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, मथुरा प्रसाद, अरविंद कुमार, आशीष चंद, राम बहादुर भगत, घनश्याम कुर्मी, टिटू पाण्डे, अजय गंगवार, अनमोल दिवाकर, रेवती नंदन गंगवार, सुमित कश्यप, सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हजरत मोहम्मद साहब की बेटी बीबी फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत पर मजलिसों का एहतमाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खादिमीन-ए-जनाब-ए-जहरा (स.अ.) रामपुर की जानिब से बीबी फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत की याद में 3 रोजा मजलिसों का आयोजन मकाबिरुल मोमिनीन स्थित मस्जिद में किया गया। पहली मजलिस को इमाम-ए-जुमा रामपुर मौलाना अली मोहम्मद नकवी साहब ने खिताब किया।

बाकघी दो दिनों में मुंबई से तशरीफ लाए मौलाना जैकी हसन साहब ने मजलिसों से खिताब फरमाया और बीबी फातिमा (स.अ.) की जिंदगी, उनके सब्र और मौला अली (अ.स.) की विलायत के दिफा में उन्होंने जो अजीयतें बर्दाश्त कीं, उन पर तफसील से रोशनी डाली।

मजलिस में सोजख्वानी के फराइज जनाब तकी अब्बास वा हसन मेहदी रामपुरी ने अंजाम दिए व पेशख्वानी राशीद ऐजाज, अब्बास हैदर सहरी, वा मोहम्मद हैदर सहरी ने की। इन मजलिसों में रामपुर के मोमिनीन बड़ी तादाद में मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरुकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान भाग 3.0 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूटी एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया।



जागरुकता रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा अंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह जागरूकता रैली अंबेडकर पार्क से गांधी समाधि, नवाब गेट, मिस्टन गंज चौराहा, किला गेट, बापू मॉल होते हुए फिजिकल ग्राउण्ड में समाप्त हुई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को तंबाकू का उपयोग न करने एवं अपने आसपास तथा अन्य लोगों को तंबाकू संबंधी रोगों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन में तम्बाकू के प्रति जागरुकता लाने के लिए प्रचार वाहन चलाया जा रहा है, जो नगर क्षेत्र में घूमकर सभी तंबाकू संबंधी बीमारियों और इसे छोड़ने के उपाय के बारे में लोगों को जागरुक करेगा। इस स्कूटी एवं बाइक रैली में स्वास्थ्य विभाग से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी, नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, डॉ. चहल डॉ. वर्मा चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला से मारपीट, पति समेत छह पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को उसके पति और ससुराल वालों ने कथित तौर पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एसपी के आदेश से पति समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नगर निवासी महिला का निकाह नगर के ही मोहल्ला दायमपुरा निवासी नदीम से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक रहा, लेकिन पांच वर्षीय बेटे के जन्म के बाद पति ने दहेज में कार या 10 लाख रुपये की मांग की। पीड़िता के माता-पिता गरीब होने के कारण मांग पूरी नहीं कर सके, जिसके बाद पति, ससुर, दो जेठ, एक जिठानी और देवर ने उसके साथ मारपीट और मान. सिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति ने उसे अपनी दो पूर्व शादियों के बारे में छिपाया था। दोनों पूर्व पत्नियों को भी दहेज की मांग पूरी न होने पर तलाक दे दिया गया था। पहले भी पुलिस में शिकायत की गई थी, जहां समझौता हुआ, लेकिन आरा. पी नहीं माने। गर्भावस्था के दौरान भी मारपीट कर उसे मायके भेज दिया गया और बेटे का जन्म मायके में हुआ, जिसका खर्च पीड़िता के माता-पिता ने उठाया। आरोपी पति अब चौथी शादी की धमकी दे रहा है।

एक सितंबर को शाम छह बजे आरोपी पीड़िता के घर घुस आए। उस समय वह अकेली थी। आरोपियों ने गालियां दीं और दहेज की मांग की। विरोध करने पर ससुर के इशारे पर जेठों और देवर ने मारपीट की, अश्लील हरकतें कीं और लज्जा भंग का प्रयास किया। शोर सुनकर पड़ोसी आए और आरो. पियों को डांटा, जिसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

एसपी के आदेश पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

# हादसे के बाद भी प्रशासन मौन अतिक्रमण जैसे का तैसा बना हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** शाहबाद-बिलारी मार्ग व बस स्टैंड पर बढ़ रहे अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी लापरवाही बनी हुई है। जिसका उदाहरण कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत सहित प्रशासन की ओर से हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कड़ी चेतावनी दी गई थी सड़क किनारे लग रहे फलों के ठेले सहित रेडियां डग्गामार वाहनों को तत्काल हटाए जाने की चेतावनी दी गई थी कि तुरंत हटाए जाए परन्तु चेतावनी का कोई प्रभाव नहीं दिखा।





अभी तक अतिक्रमण जैसे का तैसा बना हुआ है जिसके कारण मार्ग बहुत ही खराब हो गया है वहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिकता निभाते हुए अपने ऊपर से जिम्मेदारियों को दूर करते नजर आ रहे है।

परंतु जमीनी स्तर पर वहीं दशा बनी हुई है सबसे बड़ी बात यह है कि इसी अतिक्रमण के कारण 7 नवंबर को प्रातः लगभग 8 बजे नगर निवासी कृष्णपाल जोशी उर्फ वीना मास्टर 65 वर्षीय सर सैयद इंटर कॉलेज में एक वरिष्ठ शिक्षक के रूप में कार्यरत थे जो कि बहुत ही दर्दनाक सड़क हादसे के शिकार हो गए थे जिससे उनकी मौत हो गई थी।

नगरवासियों का कहना है कि बस स्टैंड के क्षेत्र में इससे पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके है संकरी सड़क व दुकानों के आगे तक ठेले सहित फलों की रेहड़िया बिल्कुल सड़क के किनारे रहने के कारण बड़े छोटे वाहनों को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं नगरवासियों का कहना है कि जब बड़े वाहन जैसे ट्रक बसों की आवाजाही के समय और भी खतरनाक स्थिति बन जाती है और तो ओर पैदल चलना बड़ा मुश्किल हो जाता है और दुपहिया वाहन चलाने वाले आए दिन जोखिम उठाते रहते है।

इसके अलावा नगरवासियों की मांग यह है कि प्रशासन जल्द से जल्द एक टीम गठित कर बस स्टैंड क्षेत्र से अतिक्रमण को हटवाए और यदि समय रहते अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो अग्रिम समय में एक बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

## डीएम और एसपी ने मोबाइल फूड परीक्षण लैब को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता, प्रशिक्षिण एवं परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल फूड परीक्षण लैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खाद्य अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि इस मोबाइल फूड परीक्षण लैब द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के गेट, घाटमपुर में खाद्य दुकानदारों, उपभोक्ताओं तथा कम्पोजिट स्कूल घाटमपुर में छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा एमडीएम (रोटी व सब्जी) के 02 सर्विलांस नमूनें संकलित कर जांच हेतु भेजे गये। उन्होंने बताया कि एफएसडब्लू (फूड सेफ्टी व्हील) के माध्यम से खाद्य पदार्थों जैसे दूध, दाले, मसाले, खाद्य तेल में मिलावट की जांच मौके पर करके दिखाई गयी और खाद्य पदार्थों में जांच करने के घरेलू तरीके भी बताये गये। कार्यक्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, रामचन्द्र यादव, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह, देवकान्त, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# सीएचसी पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



■ भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सैनी ने फीता काटकर उद्धघाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के जिला मंत्री महेन्द्र सैनी फीता काटकर किया।

इस दौरान 116 मरीजों का मान. सिक परिक्षण किया गया। शिविर में आए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे जगरूक किया गया।

ओर टेलीमानस न014416 के बारे में बताया गया।इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव कुमार चंदेल,डॉ अच्छन खा, डॉ सुमित सक्सेना, डॉ जिया नूर रहमान, डॉ इदरीस, दन्त चिकित्सक डॉ शैलेंद्र, डॉ आशुतोष,चीफ फार्मेसिस्ट मनोहर लाल नोटियाल व राकेश चन्द्रा एव समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खेमपुर में तसनीम आरिफ ने पेश किए कलाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल तसनीम आरिफ ने अपना कलाम रूट बदल देता है अदनाशा इशारा तेरा गाया तो मजमें में मौजूद पब्लिक झूमने लगी। कव्वाली मुकाबला देखने के लिए दूर दराज से लोग आए थे।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के इमरती खेमपुर स्थित हजरत गाजी शाह मियां के मजार पर सालाना उर्स जारी है। सोमवार रात हिंदुस्तान के फेमस कव्वाल तसनीम आरिफ अपने कलाम पेश किया। कव्वाल ने शुरुआत में हजरत की शान में कव्वाली सुनाई तो पब्लिक झूमने लगी। इससे पहले कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ स्वार विधायक के भाई रफीक ठेकेदार एवं ग्राम प्रधान खेमपुर फिरोज पाशा ने फीता काटकर किया। कव्वाली कार्यक्रम के दौरान बरेली से आई कव्वाल वफा नियाजी ने भी अपने कलाम पेश किया। रात 2 बजे तक मुकाबला कव्वाली का कार्यक्रम चलता रहा। कव्वाली का कार्यक्रम सुनने के लिए आसपास के तमाम गांव से महिलाएं एवं पुरुष आए थे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस का भी माकूल इंतजाम रहा। गुरुवार को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल अरशद कमली और रोशनी चंचल के बीच जोरदार मुकाबला होगा।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**
मैंने अपने पुत्र कपिल और उसकी पत्नी सुशीला कुमारी को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। दोनों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इन दोनों से जो भी सम्बन्ध रखेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
**नरेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सरण**
**नि.ग्राम सेमरा रहमतगंज जिला रामपुर।**

# जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा देने वाला वादा निभाएं सुरिंदर

## हमें छोटे मुद्दे छोड़कर देश के बड़े मुद्दों पर ध्यान देते हुए काम करने की है जरूरत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी मंगलवार को बागपत पहुंचे। वह यहां भाजपा नेता हरीश चौधरी के कार्यालय गए और फिर उनके निजी हेलीकॉप्टर से मुजफ्फरनगर के सोरम गांव में होने वाली एक पंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

मुजफ्फरनगर में खाप पंचायत द्वारा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया गया है। सुरिंदर चौधरी इस पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे हैं। बागपत पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महबूबा मुफ्ती को पहले खुद देखना चाहिए कि वह कहां खड़ी हैं। चौधरी ने आरोप लगाया कि महबूबा कभी 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ती हैं, तो कभी बेतुके बयान देती हैं। उन्होंने महबूबा मुफ्ती से पूछा कि जम्मू-कश्मीर में हालात बेहतर कब थे। चौधरी ने कहा कि महबूबा मुफ्ती आज दुविधा में हैं और यह स्पष्ट नहीं कर पा रही हैं कि उन्हें जम्मू-कश्मीर में कौन सी राजनीतिक लकीर खींचनी है। उन्हें खुद तय करना होगा कि कौन सी लकीर छोटी खींचनी है और कौन सी बड़ी। उल्लेखनीय है कि महबूबा मुफ्ती ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंजी है। सरकार का वादा था कि जम्मू-कश्मीर सुरक्षित होगा, लेकिन दिल्ली ही खतरे में आ गई। सुरिंदर चौधरी ने कहा कि वह इन सब बातों में नहीं जाना चाहेंगे, क्योंकि जम्मू-कश्मीर के लोग बहुत समझदार हैं।

उन्होंने कहा कि देश को बनाने में महत्वपूर्ण कुर्बानियां दी गई हैं, और ये कुर्बानियां बिना किसी लोभ-लालच के दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तान का वोटर छोटी बातों पर गुमराह हो सकता है, लेकिन देश में खून-खराबे और पाकिस्तान द्वारा देश में हालात खराब करने की कोशिशों पर कभी वोट नहीं पड़ते।

लोग समझदार हैं और अपने वोट का सही इस्तेमाल करना जानते हैं। चौधरी ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से अपील की कि जम्मू-कश्मीर के लोगों से विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा जरूर पूरा किया जाना चाहिए।

# घर में घुसकर परिवार पर किया हमला, दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में बच्चों के विवाद के बाद एक परिवार ने दूसरे परिवार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

निवाड़ा गांव निवासी शहजाद ने बताया कि उनके बच्चे दूसरे परिवार के बच्चों के साथ खेल रहे थे, तभी किसी बात पर उनमें विवाद हो गया। उनके बच्चों के साथ मारपीट की गई। जब शहजाद शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे, तो उन पर हमला कर दिया गया, जिसमें वह और उनका एक बच्चा घायल हो गए। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घायल शहजाद का उपचार कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दोनों परिवारों के बच्चों के विवाद के बाद मौके पर काफी लोग जमा हो गए थे। हालांकि, स्थानीय लोगों और पुलिस की सूझबूझ से दोनों परिवारों के बीच विवाद को और बढ़ने से रोक लिया गया। पुलिस अधिकारी मामले की कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

# नगर में जैन समाज का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैन ज्योतिष एवं वास्तु संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय जैन ज्योतिषाचार्य परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष रवि जैन गुरुजी ने सभा को संबोधित किया।

जैन धर्म की अनुपम कृति जैन ज्योतिष को विश्व पटल पर अंकित करने के लिए संकल्पित अखिल भारतीय जैन ज्योतिषाचार्य परिषद (पंजी.) ने दुबई, अबू धाबी, नेपाल के पश्चात थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में विराजित जिन मंदिर के दर्शन करने के उपरांत दिगंबर जैन फाऊंडेशन बैंकॉक के तत्वाधान में जैन ज्योतिष एवं वास्तु संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जैन ज्योतिष अनादि काल से है और जैन ज्योतिष को अपनाकर जनमानस अपने जीवन में आई परेशानियों को काफी हद तक कम कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि रवि जैन गुरुजी मूल निवासी बड़ौत ने कहा कि नौ ग्रहों के अरिष्ट निवारक हमारे 24 तीर्थंकर हैं उनकी पूजा आराधना, प्रक्षाल, चालीसा, आदि का पाठ कर हम ग्रह नक्षत्र के नेगेटिव प्रभाव को कम कर सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में रवि जैन गुरुजी ने जैन धर्म को समर्पित आदिनाथ चौनल के संबंध में समाज को जानकारी दी। साथ ही भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, विश्व जैन संगठन, भारतीय जैन मिलन से भी जुड़ने का आवाह्न किया। इस अवसर पर महावीर जैन बड़जात्या, सुधांशु जैन, वंदना जैन, आयुषी जैन, सविता जैन, कविता जैन, जैन लीला जैन आदि उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम पुलिस ने दो शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने दो शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग कैब संचालकों से कैब बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गोना गांव निवासी अरशद और समीर के रूप में हुई है। पुलिस काफी समय से इनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने इनके कब्जे से ऑनलाइन ठगी में इस्तेमाल किए गए तीन मोबाइल फोन, एक स्विफ्ट कार, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड और एक कोटक महिंद्रा का कार्ड बरामद किया है। बागपत के विभिन्न क्षेत्रों से कैब संचालकों के साथ ऑनलाइन ठगी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। बागपत में भी दो शिकायत कर्ताओं ने कैब बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने इन दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जो कैब बुकिंग के बहाने कैब संचालकों से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर पैसे ठगते थे। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है और पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि कोई अन्य नाम सामने आता है, तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने किया दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खिड़ौदा गांव में धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर लोगों को पैसे का लालच देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी लोगों को पैसे का लालच देकर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहे थे। वे उन पर मानसिक रूप से धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहे थे। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में झारखंड निवासी रोहित पुत्र राकेश और दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह गिरफ्तारी की है। फिलहाल, पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। हिंदू नेता आकाश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे लोग भोले-भाले लोगों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और पैसे का लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। उन्होंने ऐसे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सेटरिंग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में सेटरिंग से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र का है जहां दिल्ली निवासी फारुख अपने परिवार के साथ बागपत की शादी समारोह में आया हुआ था और वह वापस दिल्ली के लिए लौट रहा था तभी एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में बाइक आ गई। ट्रैक्टर की चपेट में आने से अजरून पत्नी रईस गंभीर रूप से घायल हो गई और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके से छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल गंभीर हालत में महिला को हायर सेंटर रफेर कर दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही फरार ट्रैक्टर चालक को पकड़ा जाएगा।

# रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद नहीं हुई फर्जी किन्नरों के खिलाफ कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किन्नर समाज के छह सदस्यों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका आरोप है कि बड़ौत थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद फर्जी किन्नरों के खिलाफ कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। किन्नरों ने बताया कि क्षेत्र में कुछ व्यक्ति, जो पुरुष हैं, फर्जी किन्नर बनकर भीख मांगते हैं। वे असली किन्नरों को रास्ते में रोककर धमकाते, पीटते और लूटते हैं। आरोप है कि ये लोग गांवों और शहरों में जाकर हिंदू परिवारों से 11-11 हजार रुपए तक की मांग करते हैं तथा महिलाओं और लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे समाज में किन्नर समुदाय की बदनामी हो रही है। असली किन्नरों ने यह भी बताया कि कई आरोपियों के बच्चे भी खुद को किन्नर बताकर उगाही करते हैं। उन्होंने मांग की है कि चिकित्सकीय परीक्षण से इनकी पहचान कर धोखाधड़ी (धारा 420) सहित कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ितो ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद थाना स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिन के भीतर न्याय नहीं मिला, तो वे लखनऊ में मुख्यमंत्री, राज्यपाल, डीजीपी कार्यालय और विधानसभा परिसर पर धरना व आमरण अनशन करेंगे। इसके बाद भी सुनवाई न होने पर दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निवासों पर प्रदर्शन करने की बात कही गई है।

### डीएम की पहल पर हर महीने के तीसरे सोमवार लगेगा विशेष जाँच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय के टीबी विभाग में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया। इस दौरान मानसिक रूप से दिव्यांग 30 बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जाँच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिनमें 25 बच्चे बौद्धिक दिव्यांगता एवं 05 लोकोमोटर दिव्यांगता से प्रभावित पाए गए। साथ ही क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली भी वितरित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर अब जनपद में हर माह के तीसरे सोमवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे लोगों को मेरठ, गाज़ियाबाद या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि कई परिवार अब भी मानसिक विकारों को लेकर हिचकिचाते हैं, जबकि यह एक चिकित्सकीय स्थिति है, जिसके उपचार एवं प्रमाणन की सुविधाएँ अब बागपत में ही उपलब्ध हैं। शिविर की विशेषता यह रही कि जाँच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाने के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के विशेषज्ञ मनोचिकित्सकों एवं मनोवैज्ञानिकों की टीम जिले में मौजूद रही, जिसने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जाँच की। शिविर में बुद्धिमत्ता परीक्षण (मालिन स्केल) एवं विनलैंड सामाजिक परिपक्वता परीक्षण सहित अन्य मूल्यांकन प्रक्रियाएँ अपनाई गईं। जिन बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं, वे अब सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन, शिक्षा में आरक्षण और रोजगार संबंधी सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऑटिज़्म, एडीएचडी, डिप्रेशन या एंग्ज़ायटी कोई कमी नहीं, बल्कि मानव विविधता का रूप हैं। ऐसे लोगों को अधिक स्नेह, समझ और सहयोग की आवश्यकता होती है। मानसिक रोग को न छुपाने की ज़रूरत है, न इससे डरने की, बल्कि इसे समझने और स्वीकारने की ज़रूरत है। उन्होंने आगे कहा कि इसे ह्बागपत मॉडल ऑफ इंटीग्रेटेड मेंटल हेल्थ सपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रशासन, चिकित्सा संस्थान और समाज मिलकर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक साझा तंत्र तैयार कर रहे हैं ताकि कोई भी ज़रूरतमंद व्यक्ति प्रमाण पत्र के अभाव में योजनाओं से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने अपील की कि मानसिक रोग से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के प्रति समाज संवेदना और सम्मान का भाव विकसित करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसिक रोग न दैवीय प्रकोप है, न जादू-टोना, बल्कि वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय हस्तक्षेप से नियंत्रित एवं उपचार योग्य स्थिति है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, डा.रोबिन जिला स्वास्थ्य टीम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों ने लगाया दो गुना मुआवजा न देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अग्रवाल मंडी टटीरी और टिकरी क्षेत्र के किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक ज्ञापन दिया। किसानों का आरोप है कि चार साल पहले अधिग्रहित की गई उनकी जमीन के लिए प्रशासन ने उन्हें चार गुना मुआवजा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब वह इससे मुकर रहा है।

किसानों ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि जमीन अधिग्रहण के समय उन्हें क्षेत्र और सर्किल रेट के आधार पर चार गुना मुआवजा देने का भरोसा दिलाया गया था। इसका उद्देश्य उनकी आर्थिक हानि की भरपाई करना था। हालांकि, अब प्रशासन केवल दोगुना मुआवजा देने की बात कह रहा है। किसानों का कहना है कि कृषि भूमि छिन जाने से उनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं बचा है। उन्होंने पिछले चार वर्षों में कई बार अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसानों ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग और अधिग्रहण से संबंधित अधिकारी लगातार मामले को टाल रहे हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उन्हें अधिग्रहण के समय दिए गए आश्वासन के अनुसार तुरंत चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो वे जिले भर के किसानों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन और धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाकियू तोमर ने दिया विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पहुंचकर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन डीएम को दिया। इसमें गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति, बकाया भुगतान, गन्ना मूल्य वृद्धि और मेट्रो कनेक्टिविटी जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं।

यूनियन ने डीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की, जिससे किसानों को राहत मिल सके। इसके साथ ही पैतमहपुर चीनी मिल पर किसानों का भारी बकाया भुगतान लंबित है, जिससे किसान आर्थिक तंगी और कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं। यूनियन ने तत्काल बकाया भुगतान कराने की मांग की। यूनियन प्रतिनिधियों ने हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं में बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे को शीघ्र जारी कराने की मांग भी उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की ओर से अब तक मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है। क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी भी एक प्रमुख मुद्दा रही, जहां नई नियुक्तियां न होने के कारण युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं और कई स्थानों पर मात्र 1000 रुपये मानदेय पर कार्य कराया जा रहा है। बागपत से दिल्ली तक मेट्रो कनेक्टिविटी की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बागपत दिल्ली से मात्र 35 किलोमीटर दूर है, लेकिन मेट्रो सुविधा न होने से हजारों लोग प्रतिदिन परेशान होते हैं। उनका मानना है कि मेट्रो का विस्तार होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार, व्यापार और आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, दिल्ली-पुर नेशनल हाईवे पर जगह-जगह गढ्ढों और सड़क की खराब स्थिति पर भी सवाल उठाए गए। यूनियन ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहन बिना रोक-टोक चल रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ रहा है और विभाग की लापरवाही साफ झलकती है। यूनियन ने जिलाधिकारी से सभी समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेकर समाधान कराने की मांग की, ताकि किसानों और आम जनता को राहत मिल सके।

# सागर महाराज ने किया बावली के लिए मंगल विहार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** आचार्य नयन सागर महाराज ने दोपहर 3.30 बजे बड़ौत से बावली के लिए मंगल विहार किया। दिगंबर जैन समाज समिति के तत्वावधान में अतिथि भवन में 4 महीने के चातुर्मास के बाद आज उन्होंने नगर से मंगल विहार किया। सैकड़ों जैन श्रद्धालुओं ने अश्रुपूर्ण भावों से उन्हें बड़ौत से मंगल विहार कराया। विहार से पूर्व धर्मसभा में आचार्य नयन सागर महाराज ने कहा कि बड़ौत का चातुर्मास सानंद संपूर्ण हुआ। बड़ौत के श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। मान स्तंभ पर आदिनाथ भगवान की मनोहारी प्रतिमा विराजमान हो गई, जिनके मानस्तंभ पर दर्शन करके मन काफी आनंदित हुआ। मेरा बड़ौत की जैन समाज को भरपूर आशीर्वाद है कि इसी प्रकार नगर में जब भी कोई भी मुनिराज आए, उनकी भक्ति करो और एकता के साथ एकजुट होकर उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करो। विहार सभा में प्रवीण जैन, मनोज जैन, दिनेश जैन, धनेंद्र जैन, धन कुमार जैन, सतीश जैन, अनुज जैन, प्रदीप जैन, अमित जैन, अंकुर जैन, राकेश जैन, सुरेंद्र जैन, आनंद जैन, अरविंद मुन्ना, सुख्माल जैन, विमल जैन, संजय जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, सुनील जैन आदि उपस्थित थे।

# सहबानपुर गांव में बुखार का प्रकोप, 30 से अधिक लोग बीमार









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना सहबानपुर गांव मे बुखार का प्रकोप लगातार बढता जा रहा है। गांव मे तीस से ज्यादा लोग बीमार है। गांव के लोगो ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

गौना सहबानपुर गांव मे बुखार का प्रकोप लगातार बढता जा है। सहबानपुर गांव में ही निखिल पुत्र पिंटू, शांतुन पुत्र सचिन, यश पुत्र बब्लू, सतबीर, कौशल, शिया, मोहित, सुमन, सागर, ममता, सरोज, पूजा, आशु, सौदान, तारावती, कौशल, सीमा, मोनू, मुख्तियारे, लक्ष्य, चरण यादव आदि लोग बुखार से पीड़ित है।

गांव के लोगो ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य शिविर न होने के कारण ग्रामीणों को मुरादनगर, दिल्ली, गाजियाबाद आदि स्थानों पर ईलाज के लिए जाना पड़ता है जहां डाक्टर मनमानी फीस वसूल करते है जिस कारण लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के लोगो ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाने की मांग की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विंडीज के खिलाफ शेष वनडे में मिशेल का खेलना संदिग्ध

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिचाव की परेशानी के कारण शेष वनडे सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे। मेडिकल अपडेट से बाकी श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता तय होने की उम्मीद है, और हेनरी निकोल्स को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप में अपनी जगह पक्की की

**बर्लिन, वार्ता।** जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया व रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया।

# अनुया प्रसाद ने स्वर्ण व प्रांजलि धूमल ने जीता रजत पदक

## अनुया ने डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकाल. ीन डेफलिपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।

क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले अभिनव देशवाल ने पुरुषों की स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसी के साथ दो दिनों की प्रतियोगिता के बाद डेफलिपिक में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या सात हो गई।

अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया और पूरी प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बनाए रखी और अंतत: 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रांजलि से 4-3 अंक अधिक था। प्रांजलि ने 236.8 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता। ईरान की महला समी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, प्रांजलि ने अपने ही विश्व और डेफलिपिक रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, उन्होंने 572.12ग का स्कोर बनाया, जिससे क्रमश: 568 और 561 के पिछले रिकॉर्ड बेहतर हुए। पुरुषों की स्पर्धा में, अभिनव देशवाल ने 235.2 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया के बोरिस ग्रामन्याक ने 215.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। अभिनव ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक बनाकर विश्व और डेफलिम्पिक्स विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय रुद्र विनोद कुमार 549 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान पर रहे। एयर राइफल मिश्रित टीमें कल प्रतिस्पर्धा करेंगी।




# सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के टेनिस स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल में स्पेन के अल्काराज को हराया

**इटली, वार्ता।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# गुरप्रीत ने काहिरा में जीता रजत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित ओलंपिक शूटिंग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फ्रिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक



● गुरप्रीत सिंह 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन के पावलो से हारे

(95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, रैपिड चरण में केवल 286 अंक ही बना सके, जिससे वे अंतत: नौवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा, 50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रविदर सिंह और 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 50 मीटर थ्री पोजशिन पुरुष में ऐश्वर्य प्रताप, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश, 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गुरप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल पदक जीता।

### भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**जाम्बिया, वार्ता।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन खिताब है। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था। लेकिन पहला गेम जीतने के बावजूद खिताबी मुकाबले में वह हार गए।

### भारतीय टीम सुल्तान अजलान शाह कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवम्बर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवम्बर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा कि हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार और प्रेरित हैं।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी



● द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण हुए थे भर्ती

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा।

गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा।

चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी। अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। पड़िक्कल ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारत की अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल होंगे। कोल. काता टेस्ट में भारत ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज खिलाए थे। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने अपने आठ में से छह विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करके इस कमजोरी को उजागर भी किया, जबकि पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर एडन मारक्रम ने भी एक विकेट लिया था।

# संगकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निद. ेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा कि हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर




की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशः सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा कि प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किंग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल आदि।

# दिल्ली खेल पत्रकार संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मीराबाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला

● इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

**नई दिल्ली**, वार्ता। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में अपना वार्षिक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह को डीडीसीए, प्रो कबड्डी लीग, वर्ड्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकैम इंटरनेशनल सहित आधिकारिक प्रायोजकों का भरपूर समर्थन प्राप्त था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न खेल पत्रकार खेल जगत और उसकी हस्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र के अनुभवी पत्रकारों के अमूल्य प्रयासों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए। तीन वरिष्ठ पत्रकारों - प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और केपी मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी दिलचस्प कहानियों ने विभिन्न खेलों के कुछ सबसे यादगार पलों को खूबसूरती से कैद किया है। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उनके कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच के रूप में सम्मानित किया गया। मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को भी भारत के स्वदेशी खेल के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने कहा कि डीएसजेए वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह मेरा दूसरा अवसर है और खेल जगत में खेल पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान को मान्यता देने की यह एक शानदार पहल है। पत्रकार खेलों और खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता दिलाने में मदद करते हैं, और इस प्रकार, किसी भी खेल के विकास में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस समारोह से जुड़कर डीडीसीए को खुशी हो रही है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम डीएसजेए को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अतीत में एक पत्रकार के रूप में काम करने के बाद, मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं भी इस बिरादरी का हिस्सा हूं।

# पाक ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज भी जीती

● गेंदबाजों व बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने श्रीलंका को हराया

**रावलपिडी, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5-2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की




और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया। इसके बाद, रिजवान और तलत ने पारी को संभाला और श्रीलंका के लिए रास्ता बंद कर दिया। रिजवान ने अपना 19वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गें. दों पर केवल चार चौकों की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। तलत ने 57 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की संयमित पारी खेलकर उनका साथ दिया। इससे पहले, श्रीलंका ने एक और अच्छी शुरुआत गंवा दी और शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद केवल 45-2 ओवरों में 211 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने सकारात्मक शुरुआत की और आठ ओवरों में बिना कोई विकेट खोए स्कोर 55 तक पहुंचा दिया। लेकिन दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए। निसांका ने 24 रन पर हारिस रऊफ को और 12वें ओवर में मिशारा ने वसीम को 29 रन पर आउट कर दिया। कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने 43 रनों की साझेदारी करके टीम को संभालने का प्रयास किया।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

मंगलवार, 18 नवम्बर 2025

## प्रत्यर्पण संधि पर सवाल

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया है कि वो शेख हसीना को सौंपे। शेख हसीना का कहना है, ट्रिब्यूनल का फैसला पक्षपाती और राजनी. ति से प्रेरित है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा, उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा जो दोनों देशों के बीच हुई थी। शेख हसीना भारत में हैं। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश ने सबसे पहले दिसम्बर 2024 में भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था, जो छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद भागकर नई दिल्ली आई थीं। इसके साथ ही उनके 15 साल के शासन का अंत हो गया था। यह अनुरोध भारत के विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दो हफ्ते बाद आया था, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को कार्यभार संभालने के बाद मांग की थी कि भारत हसीना को वापस भेजे, ताकि बांग्लादेश उन पर प्रदर्शनकारियों और उनके विरोधियों के खिलाफ अपराधों और पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन पर किए गए अपराधों के लिए मुकदमा चला सके। अब सवाल उठता है कि उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा, जिसे ऐसे मामलों के लिए किया गया था। भारत और बांग्लादेश ने जनवरी, 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर साइन किए थे। संधि कहती है, अगर कोई फैसला राजनीति से प्रेरित है, तो दूसरा देश प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है। ट्रिब्यूनल के फैसले से पहले भी हसीना चीजों को राजनीति से प्रेरित बताती रही हैं। वो इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल करती रही हैं। शेख हसीना ने अब अपने बयान में कहा है कि ट्रिब्यूनल का फैसला मेरे खिलाफ आया है। यह गलत फैसला है। पक्षपात है और राजनीति से प्रेरित है। इसमें मेरा पक्ष सुना ही नहीं गया था। यह फैसला ऐसे ट्रिब्यूनल ने दिया है जिसे गैर निर्वाचित सरकार चला रही है। उनके पास जनता का कोई जनादेश तक नहीं है। इसलिए यह गलत है।अब सवाल है कि प्रत्यर्पण संधि में क्या-क्या कहा गया है और उसके प्रावधान क्या हैं। अगर अपराध राजनीतिक प्रव्रति का लगता है, तो प्रत्यर्पण से इन्कार किया जा सकता है। कुछ अपराध, जैसे हत्या, जबरन गायब कर देना और यातना को संधि के तहत राजनीतिक अपराधों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। इन्कार के आधारों में ऐसे आरोप भी शामिल हैं जो न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक नहीं लगाए गए हैं या ऐसे सैन्य अपराध हैं जिन्हें सामान्य आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अनुच्छेद 8 में इन्कार के लिए कई आधारों की सूची दी गई है, जिनमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं।जैसे- न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक आरोप नहीं लगाया गया है या सैन्य अपराधों के मामले में जो सामान्य आपराधिक कानून के अंतर्गत अपराध नहीं हैं। अब शेख हसीना को उन्हें सौंपा जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से भारत सरकार की प्रतिक्रिय पर टिका है। भारत के पास बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध को स्वीकार करने के लिए कानूनी और कूटनीतिक साधन हैं, लेकिन सरकार के पास इन्कार करने के स्पष्ट और ठोस आधार भी हैं। सरकार इस बात पर विचार कर सकती है कि क्या ट्रिब्यूनल का फैसला एक प्रामाणिक, निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया को दर्शाता है और क्या एक पूर्व शासनाध्यक्ष को वापस भेजने से उनके साथ दुर्व्यवहार, अपील पर अनुचित सुनवाई या अन्य मानवाधिकार के जोखिम पैदा होंगे।

## देश कुर्सी से कहीं बड़ा



10 नवम्बर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू- कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है, आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है, हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट, तो मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है, दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू- मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलेंगे, मुझे लगता है कि उन्हें दोबारा सोचना चाहिए, देश कुर्सी से कहीं बड़ा है। **-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम**

# जोहरान ममदानी से उमर उन नबी तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे



**एम हसन**

उच्च शिक्षित डॉ. उमर-उन-नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा मचाई गई तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान ही गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ. उमर-उन-नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है। जब वैश्विक शक्तियां, हिंसक और क्रूर अतीत को भुलाकर, एक पूर्व सिर काटने वाले को गले लगा रही थीं, उसी समय उसके वैचारिक भाई 10 नवंबर को दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर मौत और तबाही फैलाते हुए बेकाबू हो रहे थे, लेकिन दूसरा पहलू जोहरान ममदानी और कुछ अन्य लोगों का कोमल, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चेहरा था, जिन्होंने अपनी चुनावी जीत से साबित कर दिया है कि वैश्विक मुस्लिम समाज के दो अलग-अलग चेहरे हैं।

उच्च शिक्षित डॉ. उमर उन नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा किए गए उत्पात ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ उमर उन नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है।






इसलिए, दिल्ली विस्फोटों को एक आतंकवादी हमले के रूप में देखने के अलावा, मुस्लिम समाज के भीतर उदारवादी ताकतों को शामिल करके मुस्लिम समाज को कट्टरपंथ से मुक्त करने के सरकारी प्रयास भी किए जाने चाहिएं। आतंकवादियों का सफाया जरूरी है और पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर तथा कुछ अन्य इलाकों में इस दिशा में सफलता मिली है, लेकिन उदारवादी इस्लामी विद्वानों को शामिल करके कट्टरपंथ से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर मॉडल के धार्मिक पुनर्वास समूह (आरआरजी) को यहां भी लागू किया जा सकता है। दशकों तक कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने के बाद, सऊदी अरब और यूएई ने अब कट्टरपंथ से मुक्ति केंद्र चलाना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया है। कुछ साल पहले, मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज में कट्टरपंथ के खिलाफ काम करने के लिए प्रमुख सूफी विद्वानों के एक समूह को शामिल किया था। लेकिन विभिन्न अपरिहार्य कारणों से यह सफल नहीं हो सका। हालांकि, पिछले एक दशक में विशुद्ध राजनीतिक कारणों से बड़े पैमाने पर नफरत का माहौल बनने से भी मुसलमानों में कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला है।

मुद्दा कारणों की जांच और सुधारात्मक उपाय करने का है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा दिल्ली विस्फोटों की केवल निंदा और मृत्यु व विनाश पर शोक व्यक्त करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मुस्लिम नेतृत्व को अपनी अगली पीढ़ी को वैचारिक अतिवाद और विनाश से बचाना होगा। सोशल मीडिया के साधनों ने भी युवा पीढ़ी पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव डाला है। समुदाय को ममदानी, गजाला हाशमी (लेफ्टिनेंट गवर्नर, वर्जीनिया), अल अब्देलअजीज (न्यू जर्सी जनरल असेंबली), अब्दुल्ला हम्मूद (मेयर, डियरबॉर्न), मो बेयदौन (मेयर, डियरबॉर्न हाइट्स) और फैजुल कबीर (मेयर, कॉलेज पार्क) जैसे उदारवादी लोगों और विजेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, न कि देश में हिंसा फैलाने वाली कट्टरपंथी ताकतों से।

सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है। भारतीय संदर्भ में, यह पैटर्न केवल कश्मीर समस्या ही नहीं, बल्कि अखिल भारतीय समस्या भी है। अगर हम पीछे मुड़कर देखें, तो यह पैटर्न देश के विभिन्न हिस्सों में भी दिखाई देता था। हाल के वर्षों में ध्वस्त हुए घरेलू आतंकी मॉड्यूलों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और अब उत्तर प्रदेश के कट्टरपंथी इंजीनियरों, आईटी पेशेवरों और डॉक्टरों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं, जहां से लखनऊ में जन्मे दो डॉक्टरों को दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ और उसके बाद हिंसा का सहारा लेने की अपील सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और व्यवसायों में व्याप्त है। आईएस और अल-कायदा का इतिहास बताता है कि ये वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी और हिंसक समूह हमेशा अपने विभिन्न शाखाओं में हिंसक अभियानों के लिए शिक्षित पेशेवरों की भर्ती करते रहे हैं। यह पैटर्न बलूच और खालिस्तानी आंदोलनों में भी स्पष्ट है।

> सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य पदार्थों का चेक करें न्यूट्रीशनल लेवल

**दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया।**

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफाइंड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा। लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा।

सीएसई की निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। सुश्री नारायण के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने बातचीत में कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है। डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो। और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है।

इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्रायः यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समा. ेसा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

# मीठे और वसा से इस तरह प्रभावित होता है आपका मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो




बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्ते. जित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।

# ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द!

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर से भेंट करने के इच्छुक

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे 'कुछ न कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रम्प का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।

ट्रम्प पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय



■ ट्रम्प मेयर चुनाव के दौरान पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे

फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रम्प की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रम्प के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रम्प की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों। जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रम्प की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। ट्रम्प ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रम्प ने कहा कि हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## यूक्रेन जाने वाली रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

**वारसॉ।** पोलैंड में यूक्रेन की ओर जाने वाली एक रेलवे लाइन के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इस मामले में तोड़फोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोलैंड के माजोवीकी वोइवोडीशिप की पुलिस के अनुसार, एक ट्रेन चालक ने मीका रेलवे स्टेशन के निकट, गारवोलिन काउंटी के जीचिन शहर के पास रेलवे संरचना में गड़बड़ी की सूचना दी। घटना के समय ट्रेन में दो यात्रियों के अलावा कई चालक दल के सदस्य सवार थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निरीक्षण में पटरी के एक हिस्से को नुकसान होने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। टस्क ने पुष्टि करते हुए कहा तोड़फोड़ इसका एक संभावित कारण हो सकता है।



नई दिल्ली। खराब वायु गुणवत्ता के बीच पानी का छिड़काव करता 'एंटी-स्मॉग' वाहन।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात सात क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि पिछली रात, 16 नवम्बर को मॉस्को समयानुसार रात 11:00 बजे से 17 नवम्बर सुबह 7:00 बजे तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि इनमें से 14 को ब्रांस्क क्षेत्र में, आठ को तांबोव क्षेत्र में, पांच को उल्यानोवस्क क्षेत्र में और चार को वोरोनिश क्षेत्र में मार गिराया गया। इसके अलावा, ओर्योल क्षेत्र में तीन ड्रोन और निजनी नोवगोरोड तथा तुला क्षेत्रों में क्रमशः एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## पिता की हत्या, निर्वासन, देश लौटने पर प्रतिबंध से सजा-ए-मौत

# चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौटी थीं हसीना!

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराया है। हसीना को इसी के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि उनके खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे। इन्हें सही पाते हुए ट्रिब्यूनल ने सोमवार (17 नवम्बर) को अपना फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा देखते ही देखते उग्र हो गई थी। इसका असर यह रहा कि हसीना को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिए बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सेना ने देश में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने और अंतरिम सरकार का गठन करवाने पर जोर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि शेख हसीना के साथ यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या से लेकर 2008-09 के हिंसक प्रदर्शनों के बाद भी शेख हसीना के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आई थी। हालांकि, हसीना हर बार चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौट आईं। 1947 में जन्मीं शेख हसीना



■ कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं
■ हसीना के खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे

बांग्लादेश की राजनीति का सबसे प्रभावी और विवादित चेहरा भी हैं। कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही उनके साथ कई विवाद भी जुड़ते चले गए।

हसीना का जीवन और राजनीति सीधे तौर पर बांग्लादेश के इतिहास और पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाला चेहरा थे। यानी बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन को शेख हसीना ने करीब से अनुभव किया। इस आंदोलन ने उनकी राजनीतिक विचारधारा को भी आकार देने का काम किया। अपने पिता के शासन के दौरान शेख हसीना ने ईडन कॉलेज में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पिता की ही पार्टी में छात्र इकाई का जिम्मा भी संभाला।

हालांकि, 1975 में पिता मुजीब-उर-रहमान और अपने परिवार की हत्या की घटना के बाद हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कई वर्षों तक बांग्लादेश से बाहर रहने के बाद आखिरकार 1980 के दशक में हसीना एक बार फिर देश लौटीं और यहां की हलचल भरी राजनीति में उतरीं। शेख हसीना पर अपने पिता का कितना असर रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने राजनीतिक दल का नाम भी आवामी लीग ही रखा। वे 1981 में पार्टी की अध्यक्ष बनीं और विपक्ष की नेता के तौर पर शुरुआत की। राजनीति में उनकी यही लड़ाई काम आई और आखिरकार 1996 में वे पहली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। उनके पहले कार्यकाल को बांग्लादेश के लिए जबरदस्त सुधारों वाला समय माना जाता है। इस दौरान ही देश में आर्थिक उदारवाद का उदय हुआ। बांग्लादेश में जबरदस्त विदेशी निवेश आया और लोगों के रहन-सहन में भी सुधार हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश दुनियाभर में कपड़ा उद्योग में अहम केंद्र बन गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हसीना का खासा जोर रहा। उनकी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें मुहैया कराने की योजना ने उन्हें काफी आगे बढ़ाया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद हसीना का कार्यकाल भी विवादों से दूर नहीं रहा। उनके प्रशासन को न्यायपालिका के साथ टकराव के लिए जाना गया। शेख हसीना पर न्यायलयों की स्वतंत्रता और स्वायत्ता के साथ खिलवाड़ करने के भी आरोप लगे। इसके लिए कई देशों ने उनकी आलोचना भी की। दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने भी हसीना पर तानाशाही के आरोप लगाए। खासकर इस्लामिक जमात-ए-इस्लामी पार्टी की तरफ शेख हसीना के रुख का कई मानवाधिकार संगठनों ने भी विरोध किया। आखिरकार 2001 में उन्हें विपक्षी पार्टी और विरोधी खालिदा जिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2024 में शेख हसीना के साथ जो घटनाक्रम हो रहा है, वह कोई नया नहीं है। कुछ ऐसा ही 2006 में भी हुआ था, जब अक्टूबर में अचानक ही सत्ता पर काबिज बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार चुनाव का एलान करने के बाद कार्यवाहक शासन की तरफ चली गई थी। इस दौरान शेख हसीना सरकार ने बीएनपी सरकार पर बांग्लादेश के चीफ जस्टिस की सेवा. निवृत्ति की उम्र को असंवैधानिक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और आवामी लीग के नेतृत्व में पूरे देश में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। हालांकि, बाद में सेना ने 2007 में कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया।

## शेख हसीना पर आरोप और आगे के रास्ते

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के 'अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का एलान किया। अदालत के फैसले को लेकर बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी। वहीं शेख हसीना और उनकी पार्टी का दावा है कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमें दर्ज किए गए। आइए जानते हैं कि शेख हसीना के खिलाफ कौन से थे वे पांच आरोप, जिनमें उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पहला आरोप-अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया।

## ब्रिटेन लगाएगा अंगोला नामिबिया और कांगो पर वीजा प्रतिबंध!

**लंदन।** प्रवासियों की वापसी के मामले में अफ्रीकी देश के ब्रिटेन के साथ सहयोग नहीं करने की वजह से ब्रिटेन अंगोला, नामीबिया और कांगो के निवासियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। ब्रिटिश अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अवैध रूप से ब्रिटेन आए प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर सजा के तौर पर ब्रिटेन के वीजा प्रतिबंधों का सामना करने वाले पहले देशों की घोषणा सोमवार को गृह सचिव शबाना महमूद द्वारा की जाएगी। समाचार पत्र के अनुसार, जब तक अफ्रीकी देशों की सरकारें निर्वासन पर सहयोग में नहीं करतीं, तब तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित प्रवासियों की वापसी के मामले में लंदन के साथ सहयोग करने में अफ्रीकी सरक. ारों की अनिच्छा के कारण ब्रिटेन, अंगोला, नामीबिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के निवासियों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। इन अफ्रीकी देशों ने ब्रिटेन से 4000 से जयादा अवैध प्रवासियों और विदेशी अपराधियों को वापस लेने से मना कर दिया है। ये देश ब्रिटेन द्वारा इस तरह के उपायों के अधीन होने वाले पहले देश होंगे।

# भारतीयों के पलायन ने अमेरिकी विवि की हिली नींव

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

■ एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया

इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 375800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 112000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है। आईआईई के अनुसार वीजा स्लाट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कार्नेगी मेलान जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। स्टूडेंट वीजा मानिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा।

## इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को बनाया निशाना

**बेरूत।** लेबनान में इजराईली सेना के मर्कवा टैंक से दागे गए गोले की जद में संयुक्त राष्ट्र अंत. रिम बल आ गया। यूएनआईएफआईएल के अनुसार भारी गोलाबारी ब्लू हेलमेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुई, जिससे गश्ती दल को आसपास के इलाके में छिपना पड़ा।

मिशन के प्रतिनिधियों ने तुरंत स्थापित संचार माध्यमों के जरिए इजरायली रक्षा बलों से संपर्क किया और गोलीबारी रो. कने का अनुरोध किया। इसके बाद गोलाबारी रूकी और संयुक्त राष्ट्र का गश्ती दल लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षित निकल सका। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। संरा ने इस घटना को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन बताया। इस प्रस्ताव को 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनाया गया था।

इजरायल ने दावा किया है कि हमला 'खराब मौसम की स्थिति' के कारण हुआ और संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को गलती से खतरे के रूप में पहचान लिया गया था। गौरतलब है कि यह तीन महीनों में तीसरी ऐसी घटना, जब संरा शांति मिशन के लिए खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे पहले दो सितम्बर को, आईडीएफ के ड्रोन ने ब्लू लाइन के किनारे सड़क अवरोधों को साफ कर रहे संरा कर्मियों के पास ग्रेनेड गिराए थे और 26 अक्टूबर को एक इजरायली ड्रोन ने फिर से संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को निशाना बनाया था।

# ट्रम्प की सख्ती से भारत की बढ़ेंगी मुश्किल

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रम्प सरकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इसे समर्थन दे दिया है।

मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रम्प ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही

■ रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश: ट्रम्प


है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डालर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकानोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रम्प उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई हमला

## 75 दिनों में 21वां हमला, अब तक 83 मौतें, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह सितम्बर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन आपरेशनों में शामिल अमे. रिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट




■ ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया

मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिका ने 10 नवम्बर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। अमेरिका ने 10 नवम्बर को ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया था। वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित। अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिक. ार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**किशासा।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानक. ारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई। प्रांत के गृह मंत्री राय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसईएएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108